__रिया__ की हालत गंभीर थी। उसे हार्ट-ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। लेकिन कई कोशिशों के बाद भी डॉक्टर रिया के लिए दिल नहीं ढूंढ पा रहे थे। रिया के माता-पिता ने हार मान ली थी और अब बस वह घंटे गिन रहे थे। अस्पताल से वह घर लौटे, तो सबसे छोटी लड़की पापा को देखते ही वह बोली, पापा, दीदी कैसी हैं? क्या कोई डोनर मिला? पिता ने जवाब दिया, दीदी अच्छी है, बेटा। मीरा बोली, पापा पता है, कल गांगुली सर ने हमें कागज का हवाई जहाज बनाना सिखाया। पिता ने देखा, पूरा कमरा कागज के रंगीन जहाजों से भरा हुआ था। वह बोले, लेकिन तुम इन जहाजों का क्या करने वाली हो? मीरा बोली, पापा, सर कह रहे थे, हम इन जहाजों पर अपनी ख्वाहिश लिखकर उड़ाएंगे, तो भगवान हमारी ख्वाहिश जल्दी सुन लेंगे। इसलिए मैंने ये सारे जहाज दीदी के डोनर ढूंढने के लिए बनाए हैं। और देखो, इसमें आपका मोबाइल नंबर भी लिखा है। आप मेरे साथ ये जहाज उड़ाएंगे न? पापा सोचने लगे, काश, मीरा की ख्वाहिश सचमुच पूरी हो जाए। तभी उन्हें याद आया कि उनके एक दोस्त के पास अपना हेलीकॉप्टर था। उन्होंने तुरंत फोन उठाया और दोस्त को मिला दिया। दोनों में कुछ देर तक बात हुई और अगले दिन मिलने के लिए सुबह आठ बजे का वक्त तय हो गया। अगले दिन सुबह आठ बजे मीरा, उसके पापा अपने दोस्त के हेलीकॉप्टर में बैठकर आसमान में गए और वहां से सारे कागज के जहाज एक-एक कर नीचे उड़ाने लगे। पापा मीरा को लेकर जब वापस अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि रिया को दिल देने के लिए डोनर का कॉल आया था। एक प्रोफेसर के बेटे की रोड एक्सिडेंट में मृत्यु हो गई। वह अपने बेटे का दिल रिया को देना चाहते थे।

सच्चे मन से कोशिश करेंगे, तो सफलता जरूर मिलेगी।

खुली खिड़की

किस धर्म के साथ

तमाम यूरोपीय देशों में किसी भी धर्म को नहीं मानने वाले लोगों की अच्छी खासी तादाद है। नीदरलैंड्स इस मामले में सबसे आगे है। वहां की लगभग आधी आबादी किसी खास धर्म के नियमों से नहीं बंधी है।



फिर चिल्लाना क्यों

सत्संग

एक संन्यासी अपने शिष्यों के साथ गंगा नदी के तट पर नहाने पहुंचे। वहां एक ही परिवार के कुछ लोग अचानक आपस में बात करते-करते एक दूसरे पर क्रोधित हो उठे और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। संन्यासी यह देख तुरंत पलटे और अपने शिष्यों से पूछा, क्रोध में लोग एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्य कुछ देर सोचते रहे, एक ने उत्तर दिया, क्योंकि हम क्रोध में शांति खो देते हैं इसलिए! पर जब दूसरा व्यक्ति हमारे सामने ही खड़ा है, तो भला उस पर चिल्लाने की क्या जरुरत है, जो कहना है वह आप धीमी आवाज में भी तो कह सकते हैं, संन्यासी ने पुनः प्रश्न किया। शिष्यों ने उत्तर देने के प्रयास किए, पर संन्यासी संतुष्ट नहीं हुए।

अंततः संन्यासी ने उन्हें समझाया, जब दो लोग आपस में नाराज होते हैं, तो उनके दिल एक दूसरे से बहुत दूर हो जाते हैं। और इस अवस्था में वे एक दूसरे को बिना चिल्लाए नहीं सुन सकते, वे जितना अधिक क्रोधित होंगे उनके बीच की दूरी उतनी ही अधिक हो जाएगी और उन्हें उतनी ही तेजी से चिल्लाना पड़ेगा। क्या होता है, जब दो लोग प्रेम में होते हैं? तब वे चिल्लाते नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बात करते हैं, क्योंकि उनके दिल करीब होते हैं, उनके बीच की दूरी नाम मात्र की रह जाती है। और जब वे एक दूसरे को हद से भी अधिक चाहने लगते हैं, तो क्या होता है? तब वे बोलते भी नहीं, वे सिर्फ एक दूसरे की तरफ देखते हैं और सामने वाले की बात समझ जाते हैं।

-संकलित

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 11 अंक 308

कारोबारी तनाव कम करें

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस इस सप्ताह ऐसे समय भारत आ रहे हैं, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव की वजह से कारोबारी संबंध खराब होने की आशंका है। बहुत से लोग इस बात से चिंतित हैं कि भारत को विकासशील देश का दर्जा बनाए रखने के लिए तेजी से संरक्षणवादी बनते अमेरिका को राजी करने के विशेष प्रयास करने होंगे। रॉस की यात्रा इन खबरों के बीच हो रही है कि अमेरिका अपनी कारोबारी योजना में 'तरजीह की सामान्य प्रणाली (जीएसपी)' से भारत को हटाने के बारे में विचार कर रहा है। हालांकि भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

जीएसपी के तहत भारत को एक विकासशील देश होने के नाते अमेरिका को बहुत सी वस्तुओं का शुल्क-मुक्त निर्यात करने का मौका मिलता है। यह प्रणाली 1970 के दशक में लागू की गई थी और भारत इसका सबसे अधिक लाभ हासिल करने वाले देशों में से एक रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार इस योजना से अमेरिका को जितने राजस्व का नुकसान होता है, उसका एक चौथाई भारतीय निर्यातकों की जेब में जाता है। शून्य शुल्क की अहमियत का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि भारतीय परिधान निर्यातकों को यूरोपीय संघ को निर्यात में जूझना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि उन्हें वहां ऐसा कोई लाभ नहीं मिलता है, जबकि बांग्लादेश जैसे देशों को शून्य शुल्क का फायदा मिलता है।

ऐसा लगता है कि भारत की कारोबारी गतिविधियों के बारे में अमेरिका की चिंताओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, जिसकी वजह अमेरिका का राजनीतिक माहौल है। अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा तुलनात्मक रूप से कम है। यह मुश्किल से 22 अरब डॉलर है, जबकि अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा 566 अरब डॉलर है।

लेकिन भारत की अव्यवस्थित कारोबारी गतिविधियों से स्थिति और खराब हुई है। उदाहरण के लिए स्टेंट पर प्रतिबंध से अमेरिका में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के बंद होने की शिकायतें आई हैं। अमेरिका में डेयरी उद्योग ने भी शिकायत की है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने विशेष रूप से हार्ली डेविडसन मोटरसाइकिलों का जिक्र किया है, जो चुनावी रूप से अहम राज्य में बनती हैं। इन समस्याओं की वजह से पिछले साल 50 कारोबारी लाइनों को शून्य शुल्क वाली जीएसपी प्रणाली से बाहर कर दिया गया। हालांकि तब से मतभेद और बढ़े हैं। हाल में डिजिटल क्षेत्र में नीतिगत बदलाव कथित रूप से अमेरिका को खटक रहे हैं। उदाहरण के लिए भारत सरकार और नियामकों ने डेटा को स्थानीय स्तर पर भंडारित करने को लेकर सख्त रुख अपनाया है। इससे डिजिटल क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में कुछ डेटा संग्रहीत करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है, जिसे वे व्यावसायिक स्तर पर नुकसानदेह मानती हैं।

हाल में ई-कॉमर्स क्षेत्र को लेकर लिए गए फैसलों को संरक्षणवादी कदम के रूप में देखा जा रहा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर निर्भर ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस को कहा गया है कि वे अपने प्लेटफॉर्मों पर विशेष प्रचार या स्टॉक या विक्रेता इकाइयों में भारी निवेश नहीं कर सकते।

इन बदलावों को भारतीय कंपनियों का पक्ष लेने और एकसमान मौकों को खत्म करने के रूप में देखा जा रहा है। अगर ऐसे बदलाव व्यापक नजरिया अपनाए बिना किए जाते हैं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। चीन-अमेरिका व्यापार युद्ध से भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी के मौके आने की उम्मीद थी। सरकार के लिए एक अच्छा निर्यात तंत्र बनाना प्राथमिकता रहा है, लेकिन जीएसपी से बाहर किए जाने से निर्यात-संवेदनशील क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने की कोशिशों को तगड़ा झटका लगेगा। सरकार को रॉस की बात को धैर्य से सुनना होगा और यह देखना होगा कि कहां समझौता किया जा सकता है, जो भारत के राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है। संरक्षणवाद किसी के हित में नहीं है, लेकिन भारत के हित में निश्चित रूप से नहीं।

अजय मोहंती

साल की पहली छमाही में अर्थव्यवस्था की तस्वीर

जून तक की छमाही में वैश्विक एवं स्थानीय वृहद परिस्थितियां, ऋण संबंधी तनाव और अनिश्चितता के कारण अपेक्षाकृत उदासीनता का माहौल बना रहेगा। इस विषय में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं **अजय शाह**

वर्ष 2019 की पहली छमाही में वैश्विक और स्थानीय हालात से हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? वर्ष 2012 से लेकर 2018 के अंत तक हमें धीमा और आंशिक सुधार देखने को मिला। अब एक बार फिर हालात प्रतिकूल हैं। ऋण बाजार में उत्पन्न दबाव और अनिश्चितता इसकी वजह हैं। ये समस्याएं जनवरी से मार्च और अप्रैल से जून तिमाही में उत्पादन पर असर डाल सकती हैं। इन बातों का असर वृहद नीति के स्वरूप पर भी होगा और अगली संसद और कैबिनेट की शुरुआती परिस्थितियों पर भी।

आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों में तो समस्या है ही, हम आर्थिक गतिविधियों की पुनर्रचना अन्य सीरीज के माध्यम से भी कर सकते हैं। 2012 से 2018 तक आंशिक सुधार देखने को मिला। जनवरी-जून 2019 की छमाही से क्या उम्मीद की जा सकती है?

देश की वृहद आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव की बड़ी वजह निजी निवेश है। सरकारी निवेश कहीं अधिक स्थिर है। निजी निवेश में तेजी से बदलाव होता है। आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। वर्ष 2011 के बाद से निजी परियोजनाओं की घोषणा करीब आधी (समायोजित लिहाज से) रह गई हैं। इसने रोजगार और वृहद आर्थिक क्षेत्र में तनाव उत्पन्न किया है।

हमें यकीनन यह सोचना होगा कि आखिर उच्च निवेश की परिस्थितियां किस प्रकार तैयार की जाएं? हम घरेलू निवेशकों को अपने वश में समझते हैं जोकि गलत है। उनके पास हमेशा यह विकल्प होता है कि वे चुप बैठे रहें। अगर हम चाहते हैं कि वे निवेश करें तो हमें अनुकूल माहौल बनाना होगा। हमें यह चिह्नित करना चाहिए कि भारतीय किस हद तक अपनी गतिविधियों, परिसंपत्तियों और यहां तक कि लोगों को देश के बाहर स्थानांतरित करने में सक्षम हैं। हम घरेलू निवेश को हल्के में नहीं ले सकते, वैसे ही जैसे विदेशी निवेश को।

तीन समस्याओं को चिह्नित किया जा सकता है। पहली का संबंध वैश्विक और घरेलू वृद्धि से है। जब मांग का परिदृश्य अच्छा होता है तब निजी स्तर पर लोग निवेश के इच्छुक होते हैं। वहीं दूसरी ओर जब मांग कमजोर होती है तो पूरा जोर क्षमता के इस्तेमाल और उत्पादन योजनाओं के संरक्षण पर होता है। कई फर्म अपना मार्जिन कम करके भी उत्पादन की रक्षा करती हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में क्षमता वृद्धि नहीं चाहेंगी।

दूसरी समस्या गैर वित्तीय कंपनियों और उनके कर्जदाताओं में ऋण के तनाव से संबंधित है। करीब एक तिहाई गैर वित्तीय कंपनियों की बैलेंस शीट दबाव में है। यही हालत दो तिहाई बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की है। जब एक संस्थान दिक्कत में आता है तो वह चुनिंदा लोगों को ऋण देना बंद कर देता है। अल्प अवधि में इससे इन कर्जदारों के लिए दबाव पैदा होता है। यह तब तक होता है जब तक कि ऐसे नए रिश्ते नहीं बन जाते।

आईएलऐंडएफएस, एनबीएफसी, बॉन्ड बाजार और म्युचुअल फंड से जुड़ी कठिनाइयों का वास्तविक अर्थव्यवस्था पर तरंगीय प्रभाव पड़ा है। यह प्रभाव समस्या से परे जाकर भी असर दिखाता है। उदाहरण के लिए अगर कोई कार कंपनी कम कारें बनाती है तो वह कम कलपुर्जे भी खरीदेगी।

गैर वित्तीय क्षेत्र का ऋण का दबाव निजी क्षेत्र की निवेश की इच्छा और क्षमता दोनों को प्रभावित करता है। कुछ हद तक ऋण बाजार की कठिनाइयां आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित रकती हैं और कई कंपनियों की निवेश की इच्छा समाप्त हो जाती है। कुछ कंपनियों के लिए आकर्षक ब्याज दर पर उधार जुटा पाना मुश्किल होता है और यह बात निवेश को प्रभावित करती है।

तीसरी समस्या अनिश्चितता की है। निजी क्षेत्र में कई लोग जांच एजेंसियों से निपटते हुए परेशान रहते हैं। निवेश के लिए आशावाद की आवश्यकता होती है और कई लोग तब तक विस्तार योजनाओं को रोक रखना चाहते हैं जब तक कि उनकी समस्याओं का निराकरण न हो जाए। नियामकों और कर अधिकारियों से निपटने में भी तमाम जोखिम हैं। बीते कुछ सप्ताह में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि आम चुनाव के नतीजों तक प्रतीक्षा कर ली जाए, उसके बाद विभिन्न संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।

उपरोक्त तीनों कठिनाइयों की वजह से निवेश रुका हुआ है। जनवरी से जून 2019 तक की अवधि में यह समस्या बरकरार रहेगी। इसका असर जाहिर तौर पर मौद्रिक नीति पर भी पड़ेगा। मौद्रिक नीति समिति के सदस्यों को आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देने वाली तवज्जो कम करनी होगी। एक बार ऐसा हो जाने के बाद हमें अर्थव्यवस्था में निरंतरता दिखेगी। आरबीआई पर भी यह दायित्व है कि वह अर्थव्यवस्था में खुदरा महंगाई सूचकांक को 4 फीसदी पहुंचाने में सहायता करे। इसके लिए दरों में कटौती करनी होगी। चूंकि मौद्रिक नीति पारेषण कमजोर है इसलिए अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के लिए काफी अधिक कटौती करनी होगी।

चुनाव नजदीक आने पर की गई कटौती को राजनीतिक कदम बताते हुए आलोचना की जा सकती है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य की सबसे अच्छी बात यह है कि आरबीआई का लक्ष्य स्पष्ट है। हमें पता है कि खुदरा महंगाई निरंतर 4 फीसदी के तय लक्ष्य से नीचे रही है। ऐसे में दरों में कटौती के लिए ठोस दलील मौजूद है। अच्छी बात यह है कि अगर आरबीआई अभी कटौती करता है तो इस पर राजनीति प्रेरित होने का इल्जाम भी नहीं लगेगा।

चुनाव के बाद आर्थिक नीति संबंधी टीम को इन कठिनाइयों की मूल वजह तलाशनी होगी। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए निजी निवेश का माहौल तैयार करना होगा। इसमें आर्थिक नीति निर्माण में राज्य की बदलती भूमिका से लेकर नियामकों के कामकाज, कर नीति और कर प्रशासन तथा जांच एजेंसियों का काम आदि सभी शामिल होंगे। हालांकि निजी निवेश की पड़ताल के लिए घोषित और क्रियान्वयन के अधीन परियोजनाओं पर निगाह डाली जा सकती है।

अब राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र लिख रहे हैं। आर्थिक नीति डिजाइन की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सरकार की भूमिका के साथ बाजार आधारित अर्थव्यवस्था तैयार की जाए। यह ऐसी जगह हो जहां सरकार की मामूली भूमिका के साथ व्यक्तियों तथा कंपनियों के हितों का संरक्षण किया जाए। ऐसी आर्थिक नीति विकसित करने की आवश्यकता है। अगर ऐसा होता है तो कारोबारी माहौल सुधरेगा और निजी निवेश के लिए भी बुनियाद तैयार होगी।

(लेखक नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी में प्रोफेसर हैं। लेख में प्रस्तुत विचार निजी हैं।)

ईवीएम मशीन की समीक्षा से ही बहाल हो पाएगा भरोसा

तकनीकी तंत्र

देवांग्शु दत्ता

हर चुनाव से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर चर्चा होने लगती है। भारत में बड़े पैमाने पर होने वाले चुनावों को देखते हुए ईवीएम अपरिहार्य हो चुकी हैं। लेकिन इनमें इस्तेमाल होने वाली तकनीक अपारदर्शी होने से इसमें धांधली के आरोप लगते रहते हैं। चुनाव आयोग ने लगातार इन आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ईवीएम को हैक करना तकनीकी रूप से नामुमकिन है। लेकिन यह दावा बेतुका है क्योंकि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर को हैक किया जा सकता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ईवीएम का निर्माण करते हैं। ईवीएम एक कंप्यूटर ही होता है जिसके मदरबोर्ड में एक खास चिप लगी होती है और डाले गए मतों को दर्ज करने के लिए एक मेमरी यूनिट भी होती है। ईवीएम एक ऐसी मशीन है जो किसी नेटवर्क से नहीं जुड़ी होती है और उसे प्रोग्राम किया जा सकता है। इनका परिचालन नियंत्रित करने वाली चिप पर प्रोग्राम कोड अंकित होते हैं। इसमें गंभीर मसले खड़े होने की संभावनाएं निहित हैं।

उम्मीदवारों के नाम उनके चुनाव चिह्नों के साथ वर्णक्रम में दर्ज होते हैं। हरेक मशीन में करीब 3,800 मतों को स्टोर किया जा सकता है और उसमें 64 उम्मीदवारों को मिलने वाले मत दर्ज हो सकते हैं। हाल में डाले गए मत की पुष्टि करने के लिए वीवीपैट की व्यवस्था भी जोड़ी गई है। वीवीपैट वाली ईवीएम मशीनों में मतदान के बाद एक पर्ची निकलती है जिस पर मतदाता का नाम और उसके द्वारा डाले गए मत का ब्योरा होता है। मतदाता के पास यह जांचने के लिए 7 सेकंड का वक्त होता है कि उसका मत पसंदीदा उम्मीदवार को गया है या नहीं। यह समय बीतने के बाद वह पर्ची एक बंद बक्से में जमा कर दी जाती है। बाद में जरूरत महसूस होने पर ईवीएम में दर्ज मतों का वीवीपैट पर्चियों के साथ मिलान किया जा सकता है। अगर दोनों विवरणों में मेल नहीं बैठता है तो उसे मतदान अधिकारी को बताना चाहिए। फिर 'टेस्ट वोट' का प्रावधान रखा गया है। अगर उसमें भी गड़बड़ी पाई जाती है तो उस ईवीएम मशीन को हटाकर दूसरी मशीन लगा दी जाती है। लेकिन टेस्ट वोट में कोई गड़बड़ी न मिलने पर शिकायत खारिज कर दी जाती है।

हरेक ईवीएम में एक कंट्रोल यूनिट और एक मतदान यूनिट होती है। वीवीपैट एक अलग मशीन होती है और ईवीएम से जोड़ी जाती है। ईवीएम की दो इकाइयां एक तार से जुड़ी होती हैं। मतदान यूनिट पर मतदान से संबंधित बटन लगे होते हैं जबकि कंट्रोल यूनिट में मतों का ब्योरा रखा जाता है और गिनती के समय मतों की संख्या के बारे में भी बताती है। मतदान यूनिट पर जब भी बटन दबाया जाता है तो एक मत दर्ज हो जाता है और वह मशीन लॉक हो जाती है। अगला मत दर्ज करने के लिए कंट्रोल यूनिट की मदद से उसे अनलॉक करना पड़ता है।

जनवरी में सैयद शुजा नाम के एक शख्स ने ईवीएम मशीनों को लेकर बेहद सनसनीखेज दावा किया था। शुजा ने वर्ष 2009-14 तक ईसीआईएल में काम करने का दावा करते हुए कहा कि वह ईवीएम मशीनों के डिजाइन और परीक्षण करने वाली टीम का हिस्सा रहा था। वर्ष 2014 के चुनाव में इन्हीं मशीनों का इस्तेमाल किया गया था। शुजा के मुताबिक उसे अमेरिका में शरण लेने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि रिलायंस जियो ने 2014 के चुनाव में ईवीएम मशीनों को कम-आवृत्ति वाले सिग्नलों के जरिये प्रभावित कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाया। (वैसे जियो की वाणिज्यिक सेवाएं सितंबर 2016 में शुरू हुई थीं।) हालांकि शुजा ने अपने बड़े दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं पेश किया।

जनवरी में ही आम आदमी पार्टी विधायक सौरभ भारद्वाज ने यह दिखाने की कोशिश की कि ईवीएम के हार्डवेयर को बदलना किस तरह संभव है। अन्य शोधकर्ताओं ने भी ईवीएम को हैक किए जाने की स्थिति दर्शायी है। उनके मुताबिक चिप या सर्किट बोर्ड को आसानी से बदलकर हैकिंग की जा सकती है। चिप के साथ बड़ी समस्या यह है कि उसका न तो परीक्षण हो सकता है और न ही उसकी पुष्टि की जा सकती है। ईसीआई के पास यह बताने का कोई तरीका नहीं है कि किसी ईवीएम में लगी चिप दूसरी चिप से बदली जा चुकी है।

सुरक्षा विशेषज्ञों ने बारंबार यह कहा है कि सोर्स कोड बताने से ईसीआई के इनकार से यह काफी असुरक्षित हो जाता है। किसी भी गोपनीय एवं बग वाले कोड को खंडित किया जा सकता है और पहचाने जाने का भी डर नहीं रहता है। यही वजह है कि तमाम बड़ी कंपनियां अपने प्रोग्राम के सोर्स कोड जारी करती हैं जिसके आधार पर स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ उनमें मौजूद खामियों को पहचान कर उन्हें दूर करने के उपाय बता सकते हैं।

ईसीआई इस समय ईवीएम या वीवीपैट नहीं बदलने जा रहा है। एक मांग यह की गई है कि 50 फीसदी ईवीएम मशीनों का मिलान वीवीपैट पर्चियों से किया जाए और अधिक गलतियां पाए जाने पर वहां पुनर्मतदान कराया जाए। एक अन्य सुझाव यह है कि जीत का अंतर कम होने पर वीवीपैट पर्चियों की गिनती अनिवार्य की जाए।

ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के औचक नमूने रखे जाने चाहिए ताकि मतदान प्रक्रिया में भरोसा बहाल हो सके। वीवीपैट से जुड़ी खामियों को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। कोई भी चालाक हैकर लगातार कई मतों में छेड़खानी नहीं करेगा। मसलन, हरेक तीसरे मत में छेड़छाड़ की जा सकती है और उसके बाद भी वीवीपैट का टेस्ट वोट यही बताएगा कि मशीन सही तरह काम कर रही है।

ईवीएम का मौलिक डिजाइन 1980 में तैयार किया गया था। ऐसी स्थिति में ईवीएम के हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की समीक्षा का वक्त आ चुका है। इसका सोर्स कोड भी जारी किया जाना चाहिए ताकि खामियों को दूर कर मतदाताओं का भरोसा बहाल किया जा सके।

कानाफूसी

मंदिर का निर्माण

अबू धाबी अपने पहले हिंदू मंदिर के लिए पूरी तरह तैयार है और आगामी 20 अप्रैल को इस हिंदू मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। वहीं, अप्रैल माह में भारत में भी लोकसभा चुनाव हो रहे होंगे। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान अबू धाबी सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में हिंदू मंदिर बनाने की योजना को मंजूरी दी थी। हिंदू धार्मिक और नागरिक संगठन बीएपीएस स्वामीनारायण संस्थान इस मंदिर का निर्माण कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव के प्रतीक के तौर पर बनाए जा रहे इस मंदिर के निर्माण के लिए अबू धाबी के राजकुमार मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने 13.5 एकड़ जमीन दान दी थी। फिलहाल दुबई स्थित भगवान शिव और कृष्ण के मंदिर ही संयुक्त अरब अमीरात में हिंदू मंदिर हैं।

तेज होते कदम

वर्तमान लोकसभा के आखिरी दिन बुधवार को आम आदमी पार्टी ने नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में एक रैली करने की योजना बनाई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को भी इसमें शामिल होने का न्यौता दिया गया। जंतर मंतर पर होने जा रही इस रैली का विषय 'तानाशाही हटाओ, देश बचाओ' रखा गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अमित शाह भी आगामी दिनों में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री गरीब बच्चों को मध्याह्न भोजन देने वाली मिड डे माल योजना के लिए वृंदावन में थे।



आपका पक्ष

नागरिकता संशोधन विधेयक पर रार

केंद्र सरकार राज्यसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक लेकर आ रही है। इससे पहले 8 जनवरी को लोकसभा से यह विधेयक पास हुआ था। हालांकि उत्तर-पूर्वी राज्य इस विधेयक का भारी विरोध कर रहे हैं। स्थिति यह है कि भारतीय जनता पार्टी शासित पूर्वोत्तर के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के मुख्यमंत्रियों ने नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध किया है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पूर्वोत्तर के स्वदेशी लोगों के अधिकार किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होंगे। नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 के तहत नागरिकता कानून 1955 में संशोधन कर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिम धार्मिक अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दिए जाने की बात कही गई है। इस बिल के कानून बनने के बाद अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के मानने वाले अल्पसंख्यक समुदायों को 12 साल के बजाय छह साल भारत में गुजारने पर और बिना उचित दस्तावेजों के भी भारतीय नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। कई लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उनकी सांस्कृतिक, भाषाई और पारंपरिक विरासत के साथ खिलवाड़ होगा। असम समेत पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में जिस नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध हो रहा है, उससे बांग्लादेशियों की जगह पाकिस्तानियों को ज्यादा फायदा पहुंच सकता है। इस बिल के जरिये पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए 31 हजार से ज्यादा प्रवासियों को सीधा फायदा मिलता नजर आ रहा है। इस बिल से उन लोगों को फायदा होगा जिन्हें सरकार ने दीर्घावधि वीजा दिया है। विधेयक का विरोध कर रहे जातीय संगठनों का कहना है कि अगर केंद्र सरकार के इस विधेयक को मंजूरी मिल जाती है तो असमिया भाषा, साहित्य और संस्कृति हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते हम इस तरह के निर्णय ले सकते हैं लेकिन ध्यान रखना होगा कि इसके पीछे कोई भी राजनीतिक उद्देश्य ना हो। सरकार को सभी दलों की बात पर गौर करना चाहिए और संसद में विधेयक पर पर्याप्त चर्चा होनी चाहिए।

संदेश तिवारी, गुरुग्राम

नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर पूर्वोत्तर राज्यों में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं

समावेशी व संतुलित रहा केंद्रीय बजट

यह संतुलित विकासगामी अंतरिम बजट है। इसमें अर्थव्यवस्था की मौजूदा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कई अहम फैसले लिए गए हैं। इस बजट में समाज के प्रत्येक तबके के लिए कुछ न कुछ गुंजाइश रखी गई है। एक हद तक इसे समावेशी बजट कह सकते हैं। इस बजट में दो हेक्टेयर तक जोत वाले लघु व सीमांत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की सहायता देने का प्रावधान है जिससे करीब 12 करोड़ किसानों को फायदा होगा। बजट में छोटे व मझोले उद्यमियों को जो राहत दी गई है, उससे रोजगार सृजन की उम्मीद की जा सकती है। यह बजट काफी हद तक लोकलुभावन स्वरूप वाला भी है। बजट से साधारण लोगों के उपभोग में भी इजाफा होगा जिससे औद्योगिक वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और औद्योगिक क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी।

आशुतोष वर्मा, अंबेडकर नगर

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

दैनिक जागरण
सफलता की मंजिल अनुशासन के मार्ग से ही मिलती है

अव्यवस्था की आग

अव्यवस्था की अनदेखी कैसे घातक परिणाम सामने लाती है, इसका एक और उदाहरण है देश की राजधानी दिल्ली के एक होटल में आग लगने के कारण 17 लोगों की मौत। ये मौतें इसलिए हुईं, क्योंकि जिन पर भी इस होटल को नियम-कायदे के हिसाब से चलाने देने की जिम्मेदारी थी उन सबने हद दर्जे की लापरवाही का परिचय दिया। इसीलिए इस अग्निकांड को हादसा कहना उसकी गंभीरता को कम करना है। यह हादसा नहीं, जिम्मेदार लोगों की लापरवाही का खौफनाक नतीजा है। यह लापरवाही की पराकाष्ठा ही है कि जिस अर्पित पैलेस होटल को चार मंजिला होना चाहिए था वह छह मंजिला बना लिया गया था और जिसमें सुरक्षा के सभी उपाय होने चाहिए थे उसमें आपातकालीन द्वार एक तो संकरा था और दूसरे उस पर ताला जड़ा हुआ था। इस होटल में आग से बचाव के प्रबंध भी दिखावटी थे। यही कारण रहा कि बचाव के उपाय नाकाफी साबित हुए। इस होटल में आग का कहर उपहार सिनेमाघर में घटे भयावह अग्निकांड की याद दिलाने वाला ही नहीं, यह भी बताने वाला है कि देश की राजधानी में व्यावसायिक गतिविधियां किस तरह अभी भी मनमाने तरीके से चलाई जा रही हैं। क्या दिल्ली का शहरी ढांचा आज भी वैसा ही अव्यवस्थित और अराजक है जैसा उपहार कांड के समय था? हाल में दिल्ली में अवैध तरीके से चलाए जा रहे कारखानों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक घटना तो उसी इलाके में घटी थी जहां होटल अर्पित पैलेस है। ऐसा लगता है कि दिल्ली के शासन-प्रशासन ने पुरानी घटनाओं से कोई सबक सीखना उचित नहीं समझा। इससे भी शर्मनाक बात यह है कि अभी भी ऐसा नहीं लगता कि जरूरी सबक सीख लिए गए हैं। दिल्ली सरकार और नगर निगम के आला अफसरों के बयान कर्तव्य की इतिश्री करते ही अधिक दिखते हैं।

दिल्ली के होटल में आग लगने के कारणों की जांच के आदेश वैसे ही नाकाम-निष्प्रभावी साबित हों तो हैरत नहीं जैसे इसके पहले के मामलों में साबित हुए। आखिर कितने व्यावसायिक स्थलों में आग के जानलेवा कहर के बाद इस बुनियादी बात को समझा जाएगा कि अगर ऐसे स्थल नियम-कानूनों के साथ सुरक्षा उपायों की घोर अनदेखी करके चलेंगे तो वे तबाही का कारण ही बनेंगे? यह नाकारापन ही है कि बेतरतीब शहरी ढांचे और सार्वजनिक सुरक्षा की उपेक्षा तब हो रही है जब उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। शहरी ढांचे का नियमन करने वाले न केवल अनियोजित विकास की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा को भी ताक पर रख रहे हैं। यही कारण है कि कभी किसी होटल में आग लगने से तबाही मचती है तो कभी किसी अस्पताल अथवा कारखाने में। प्रत्येक घटना-दुर्घटना के बाद आमतौर पर यही सामने आता है कि तबाही से दो-चार हुए ठिकाने पर या तो अवैध निर्माण होने दिया गया था या फिर दुर्घटना से बचाव के उपाय केवल कागजों पर थे। इससे भी बुरी बात यह है कि जांच के नाम पर केवल खानापूरी होती है। बेहतर हो कि जिम्मेदार लोग यह समझें कि व्यावसायिक ठिकानों अथवा बहुमंजिली इमारतों में नियम-कानूनों की उपेक्षा का मतलब है उन्हें जानबूझकर लाक्षागृह में तब्दील करना।

औली में खेलों का सच

चमोली के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली में शीतकालीन खेलों की मान्यता पर संकट के बादल छाए हुए हैं। यदि फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्कीइंग (फिस) से कोई ऐसा फैसला हुआ तो यह उत्तराखंड के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। निश्चित ही इससे उत्तराखंड में पर्यटन को भी नुकसान होगा, लेकिन सवाल यह है कि औली में इन हालात के लिए क्या सिर्फ प्रकृति जिम्मेदार है या कुछ और भी बाते हैं। कुदरत ने औली को बहुत संपन्न बनाया है। औली में 1300 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा स्लोप है। स्लोप पर 1250 मीटर वर्टिकल ड्रॉप है। स्की स्लोप में खिलाड़ियों के लिए चढ़ने को स्की लिफ्ट है। इसके अलावा खिलाड़ी, आयोजक, पर्यटक और दर्शकों के रहने के लिए भी पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं। स्नो मेकिंग मशीन भी यहां लगी है और सड़क बंद होने की स्थिति में रोपवे से औली पहुंचा जा सकता है। वर्ष 2010 में औली की ढलानों को फिस ने शीतकालीन खेलों के लिए पूरी तरह फिट मानते हुए इसे 2019 तक मान्यता दी। जब यहां पहली बार वर्ष 2011 में इंटरनेशनल सैफ गेम्स आयोजित हुए तो औली देश-दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन गया, लेकिन इसके बाद यहां इस तरह की कोई प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जा सकी। कम बर्फबारी के कारण वर्ष 2012 में इंटरनेशनल फिस रेस और वर्ष 2014 में जूनियर नेशनल गेम्स दो बार रद करने पड़े। फिस की मान्यता के नियमों में स्पष्ट है कि इन ढलानों पर नेशनल गेम्स का आयोजन जरूरी है। यह सही है कि पिछले कई वर्षों से कुदरत औली पर मेहरबान नहीं रही, लेकिन क्या सिर्फ यही एक वजह है। ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसमें कुछ न कुछ लापरवाही आयोजकों की ओर से भी रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रतियोगिता का वक्त ज्यादातर फरवरी अथवा मार्च में तय किया गया और फरवरी एवं मार्च आते-आते ढलानों पर नाममात्र की बर्फ ही मिल रही थी। इस पर प्रतियोगिता का आयोजन संभव नहीं था।

आवश्यक है अल्पसंख्यक को परिभाषित करना

शंकर शरण

जब तक कानूनी रूप से अल्पसंख्यक की परिभाषा स्पष्ट नहीं होती तब तक अल्पसंख्यकों के लिए किए जाने वाले सभी काम अनुचित ही कहे जाएंगे

अवधेश राजपूत

अल्पसंख्यक मुद्दे पर वही हुआ जो दशकों से होता आया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में अल्पसंख्यक अवधारणा को स्पष्ट करने की गुहार लगाई गई थी ताकि सरकारी कामकाज में विभिन्न स्तरों पर इसकी आड़ में हो रही मनमानी और अन्याय पर विराम लगाया जा सके। परंतु जैसा अब तक का अनुभव है कि यहां एक खास मतवाद या समुदाय से संबंधित कोई उचित काम करने में भी तंत्र के सभी अंग हीलाहवाली ही करते हैं। इसमें भी वही हुआ और सुप्रीम कोर्ट ने इसे परिभाषित करने का काम अल्पसंख्यक आयोग को सौंप दिया मानो वही संविधान का व्याख्याता हो! जबकि संविधान में मौजूद 'अल्पसंख्यक' शब्द को केवल संसद या सुप्रीम कोर्ट ही परिभाषित कर सकते हैं। यह भी कितनी दुःखद स्थिति है कि जो कोर्ट मामूली से मामूली मुद्दे पर भी खुद निर्णय करता है, वह एक संवैधानिक उपबंध से जुड़ी और दशकों से चली आ रही गड़बड़ी पर फैसला सुनाने से कन्नी काटता है। वस्तुतः यह भी इस समस्या की गंभीरता का ही संकेत है। भारत में यह ऐसी समस्या है जिससे तमाम अन्य समस्याएं जुड़ी हैं। उपनिषद की भाषा में कहें तो इसके समाधान में हमारी कई जटिल समस्याओं के समाधान की कुंजी है। पर सत्ता के सभी अंग इस पर खुलकर सोचने से बचते हैं जबकि देश का जनमत चाहता है कि 'अल्पसंख्यक' और 'बहुसंख्यक' की परिभाषा तथा विकृति से जुड़ी कानूनी विषमता दूर होनी चाहिए, क्योंकि इसी अस्पष्टता की आड़ में यहां विभिन्न दल, देसी-विदेशी संगठन और एक्टिविस्ट भारी गड़बड़ करते रहे हैं। ऐसा न तो दुनिया में अन्य किसी देश में है, न ही यह हमारे मूल संविधान में था।

समकालीन विमर्श में अल्पसंख्यक शब्द का आशय संकीर्ण हो चला है। जस्टिस राजेंद्र सच्चर की अध्यक्षता वाली समिति ने सरकारी दस्तावेज में 'अल्पसंख्यक' और 'मुसलमान' शब्दों को एक दूसरे के पर्याय के रूप में इस्तेमाल किया था। ऐसी समझ मूल संविधान की नहीं थी। फिर भी पिछली संप्रग सरकार ने इसकी अनदेखी कर सच्चर समिति की अनुशंसाएं लागू करने का फैसला किया। ऐसे नजरिये ने देश में दो प्रकार के नागरिक बना दिए हैं जिससे 'कानून के समक्ष समानता' का संवैधानिक पहलू गौण हो गया है। कुछ वर्ष पहले पश्चिम बंगाल के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बेधड़क कहा था कि वह समुदाय को देखकर ही हिंसा संबंधी घटनाओं पर कार्रवाई करते या नहीं करते हैं। राजनीतिक बिरादरी की भी यही स्थिति है। इससे नागरिक समानता का मखौल उड़ता है। यह सब 'अल्पसंख्यक' शब्द को कानूनी तौर पर अस्पष्ट छोड़ देने से ही हुआ। यह भी अभूतपूर्व स्थिति है कि किसी देश में अल्पसंख्यक को वह अधिकार मिलें जो बहुसंख्यक को नहीं हैं। पश्चिमी लोकतंत्रों में 'माइनॉरिटी प्रोटेक्शन' का लक्ष्य होता है कि किसी के अल्पसंख्यक होने के कारण उसे किसी अधिकार से वंचित न रहना पड़े जो दूसरों को सहज प्राप्त है। भारत में इस अवधारणा को ही उलट दिया गया है जहां अल्पसंख्यकों के लिए विशेषाधिकारों की बात होती है। यह विकृति भारत में नागरिकों को दो किस्मों में बांट देती है। एक वे जिसके पास दोहरे अधिकार हैं और दूसरे वे जिन्हें एक ही तरह के अधिकार हैं जो पहले के पास भी हैं। यह हमारे देश और समाज के लिए घातक साबित हुआ है जो समाज के कई वर्गों में जहर घोल रहा है।

सच तो यह है कि भारत में इस अवधारणा की जरूरत ही नहीं थी जो यूरोपीय समाजों में नस्लवादी या सामुदायिक उत्पीड़न के इतिहास से पैदा हुई है। जबकि भारत में अंग्रेजी राज के दौरान भी ऐसा नहीं था। यहां तो गोरे अंग्रेजों, यानी अल्पसंख्यकों को ही अति-विशिष्ट अधिकार हासिल थे! उससे पहले, मुगल शासन में भी अगर कोई वंचित समुदाय था तो वह बहुसंख्यक हिंदू ही थे जिन्हें जजिया जैसा धार्मिक कर देना पड़ता था। ऐसे में अव्वल तो 'अल्पसंख्यक संरक्षण' की अवधारणा ही भारत में मतिहीन होकर अपना ली गई, जिसका कोई संदर्भ यहां नहीं था। फिर भी, जब इसे पश्चिम से ले ही लिया गया तो वहां भी इसका यह अर्थ कतई नहीं कि अल्पसंख्यकों को ऐसे विशेषाधिकार दे दिए जाएं तो कथित बहुसंख्यक के पास न हों। इससे जुड़ी तीसरी गड़बड़ी यह है कि संविधान या कानून में 'बहुसंख्यक' का कहीं उल्लेख नहीं है। इस कारण उसका कानूनी तौर पर अस्तित्व ही नहीं है! यह विचित्र विडंबना है, क्योंकि कानून में कोई चीज स्वतः स्पष्ट नहीं होती। जब लिखित धाराओं के अर्थ पर ही भारी मतभेद होते हैं तब जो अलिखित है उस मोर्चे पर दुर्गति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। इसीलिए 'बहुसंख्यक' के रूप में कोई कुछ भी समझे, वह हमारे संविधान में कहीं नहीं है। यहां अनेक राजनीतिक, कानूनी गड़बड़ियां इसी कारण पनप रही हैं।

यहां कोई मुस्लिम या ईसाई व्यक्ति भारतीय नागरिक और अल्पसंख्यक, दोनों रूपों में अधिकार रखता है, किंतु एक हिंदू केवल नागरिक के रूप में। बतौर हिंदू वह अदालत से कुछ नहीं मांग सकता, क्योंकि संविधान में हिंदू या बहुसंख्यक जैसी कोई मान्यता ही नहीं है। निःसंदेह, हमारे संविधान निर्माताओं का यह आशय नहीं था, किंतु कुछ बिंदुओं पर ऐसी रिक्तता और अंतर्विरोध के कारण आज यह दुष्परिणाम देखना पड़ रहा है। जैसे, संविधान की धारा 29 अल्पसंख्यक के संदर्भ में धर्म, नस्ल, जाति और भाषा, यह चार आधार देती है। जबकि धारा 30 में केवल धर्म और भाषा का उल्लेख है। तब अल्पसंख्यक की पहचान किन आधारों पर हो? यह अनुत्तरित है। अतः जब तक इसे स्पष्ट न किया जाए, तब तक 'अल्पसंख्यक' नाम पर होने वाले सारे कृत्य अनुचित हैं। यह न केवल सामान्य बुद्धि, विवेक एवं न्यायिक दृष्टिकोण, बल्कि संवैधानिक भावना से भी अनुचित हैं।

आज अल्पसंख्यकों के नाम पर जारी मनमानियां संविधान निर्माताओं के लिए अकल्पनीय थीं। वे सभी के लिए समान अधिकारों के हिमायती थे। चूंकि संविधान में अल्पसंख्यकों की परिभाषा अधूरी रह गई जिसका दुरुपयोग कर नेताओं ने अपने हित साधने शुरू कर दिए। यह अन्याय मूलतः सत्ता की ताकत और लोगों की अज्ञानता के कारण होता रहा। ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि एक मूल प्रश्न पूरी तरह और आरंभ से ही उपेक्षित है कि बहुसंख्यक कौन है? ऐसे में अल्पसंख्यक की धारणा ही असंभव हो जाती है, क्योंकि 'अल्प' और 'बहु' तुलनात्मक अवधारणाएं हैं। एक के बिना दूसरा नहीं हो सकता।

इसका सबसे सरल और निर्विवाद समाधान यह है कि संसद में एक विधेयक पारित कर वैधानिक अस्पष्टता दूर कर दी जाए। यह घोषित किया जाए कि संविधान की धारा 25 से 30 में वर्णित अधिकार सभी समुदायों के लिए समान रूप से सुनिश्चित करने के लिए दिए गए थे। यही उनका आशय है। ऐसी कानूनी व्यवस्था से किसी अल्पसंख्यक का कुछ नहीं छिनेगा, बल्कि दूसरों को उनका वह हक मिल जाएगा जो उनसे सियासी छल करके छीन लिया गया। यदि हमारी संसद, सुप्रीम कोर्ट या केंद्रीय मंत्रिपरिषद इसे समाप्त कर दें तो तमाम सामुदायिक भेद-भाव, सांप्रदायिकता और देशघाती, वोट-बैंक राजनीति के खत्म होने का मार्ग खुल जाएगा।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक एवं स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

अनदेखी से उपजी त्रासदी

अवधेश कुमार

कुशीनगर मामले के बाद ही अवैध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलता तो हालिया हादसे को रोका जा सकता था

इस त्रासदी का वर्णन करने के लिए शब्द तलाशना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जहरीली शराब ने जैसा कहर बरपाया है उसने दिल दहलाने के साथ ही हमारे भीतर आक्रोश भी पैदा कर दिया है। आखिर यह कैसा समाज है, कैसी शासन व्यवस्था है जहां जीवन को हर क्षण जोखिम में डालने का धंधा खुलेआम चल रहा है। कल्पना कीजिए कि तीन जिलों में जहरीली शराब पीने से 100 से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा गए और तमाम अभी भी अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं तो वहां कैसा मंजर होगा! जिस परिवार के सभी वयस्कों की एक साथ मृत्यु हो जाए तो उसके शेष सदस्यों की दशा कैसी होगी! अगर किसी प्राकृतिक आपदा में लोग हताहत हों तो हमें मन मारकर अपनी विवशता स्वीकार करनी पड़ती है, क्योंकि उसमें हम कुछ नहीं कर नहीं सकते। किंतु यह तो आमंत्रित मौतें हैं। ऐसा भी नहीं है कि जहरीली शराब के कारण पहली बार मौत हुई हों। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं। किसी हादसे के बाद कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ अंतराल बाद ही कहीं न कहीं जहरीली शराब अपना कहर फिर बरपा देती है। प्रश्न है कि ऐसा क्यों होता है? हालिया एक हादसा तो सामाजिक कुरीति से जुड़ा है। उत्तराखंड में हरिद्वार के बालुपुर गांव में एक मृत्युभोज में शराब परोसी गई थी जो दुर्योग से जहरीली निकली। यह कैसी रीति है? आखिर मृत्युभोज में शराब परोसने का क्या औचित्य है? श्राद्धकर्म के पीछे मृतक की आत्मा की मुक्ति की भावना होती है। अगर शराब जहरीली नहीं होती तो वह इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी का कारण नहीं बनती। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में तो कोई मृत्युभोज नहीं था, उत्तराखंड के रुड़की में भी ऐसा कार्यक्रम नहीं था। अभी तक की सूचना के अनुसार दोनों राज्यों में हजारों लीटर अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में 300 मामले दर्ज किए गए हैं और 175 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी तरह उत्तराखंड में करीब 50 मामले दर्ज किए गए। पुलिस कप्तानों पर गाज गिरी है तो वहीं तमाम आबकारी अधिकारियों-कर्मचारियों का निलंबन हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार अवैध शराब भट्ठियों और दुकानों को बंद कराने तथा माफियाओं के जाल को ध्वस्त करने के लिए 15 दिनों का अभियान चला रही है। जांच के लिए एसआईटी गठित हो चुकी है।

आखिर सरकारें या हम नागरिक भी त्रासदियों के बाद ही क्यों जागते हैं? उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में ही हाल में जहरीली शराब पीने से 11 लोगों की मौत की खबर आई थी। वहां कार्रवाई भी हुई, किंतु सरकार और प्रशासन ने शायद यह मानकर राज्यव्यापी अभियान चलाने पर विचार नहीं किया कि अवैध शराब का कारोबार एक जिले तक ही सीमित है। वहां के पुलिस प्रशासन ने इसका ठीकरा बिहार पर फोड़ दिया। सीमावर्ती जिला होने के कारण यह कहना आसान है जबकि बिहार में शराबबंदी लागू है। वहां चोरी से शराब मिल सकती है, लेकिन भट्ठी लगाकर शराब बना पाना आसान नहीं है। अगर कुशीनगर की घटना के साथ ही सरकार और प्रशासन ने राज्यव्यापी अभियान चला दिया होता तो इतने लोगों की जिंदगी बच सकती थी।

हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने आबकारी अधिनियम, 1910 में संशोधन करके उसे कड़ा बनाया था। इसके बाद तत्कालीन आबकारी मंत्री ने कहा था कि पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी और अवैध शराब की वजह से प्रदेश के

आबकारी राजस्व में भारी गिरावट आई है। यह भी दलील दी गई कि ऐसी अवैध जहरीली शराब पीने से जनहानि की घटनाएं भी हुई हैं। वस्तुतः शराब से राजस्व पाने की भूख हर राज्य में शराबखोरी को प्रोत्साहित करती है। पूरे देश की यही दशा है। हालिया घटनाओं के बाद जो रिपोर्ट मिली हैं उनसे साफ है कि जगह-जगह वैध-अवैध भट्ठियां चल रहीं हैं। वहां बनने वाली शराब की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। कच्ची शराब बनाने के लिए पुराना गुड़ और शीरे के साथ महुआ आदि का प्रयोग तो आम बात है, लेकिन इन्हें इतना सड़ा दिया जाता है कि उनमें दुर्गंध आने लगती है और तब माना जाता है कि इससे ज्यादा नशीली शराब तैयार होगी। यह परंपरागत तरीका रहा है। वहीं हाल के वर्षों में यूरिया, आयोडेक्स, ऑक्सिटॉसिन से लेकर शराब को ज्यादा नशीला बनाने के लिए चूहे मारने वाली दवा और यहां तक कि सांप और छिपकली तक मिलाने के मामले भी पकड़ में आ चुके हैं। डीजल, मोबिल ऑयल, रंग रोगन के खाली बैरल और पुरानी हांडियों (बर्तन) के इस्तेमाल के साथ भैंस का दूध निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाले ऑक्सिटॉसिन इंजेक्शन को भी मिलाया जाता है। इन सबके मिश्रण से बनी शराब से यदि तत्काल मौत न भी हो तो लीवर, गुर्दे, फेफड़ों और आंत जैसे अंगों को क्षति पहुंचती है। गुड़ और शीरे में ऑक्सिटॉसिन मिलाने से मिथाइल एल्कोहल बन जाता है। ज्यादा मिथाइल एल्कोहल से शरीर के अनेक हिस्से काम करना बंद कर देते हैं। ब्रेन डेड तक हो जाता है।

भारत का ऐसा शायद ही कोई राज्य हो जहां से देसी शराब में ऐसी जहरीली सामग्रियों के मिश्रण के सबूत नहीं मिले हों। यदि ऐसा हो रहा है तो फिर इसके लिए किसे दोषी कहा जाएगा? बिना प्रशासन की मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर यह संभव ही नहीं। जिनको भट्ठी का लाइसेंस मिलता है वे भी किन सामग्रियों का उपयोग करते हैं इसका ध्यान रखना आबकारी विभाग का दायित्व है। आबकारी विभाग सख्त हो तो जहरीली सामग्री मिलाने का साहस कोई कर ही नहीं सकता। वहीं अवैध भट्ठियां कैसे चलतीं हैं यह बताने की आवश्यकता ही नहीं। अगर सरकारें सख्त और इसके प्रति सचेत रहें और प्रशासन को उसका दायित्व याद रहे तो ऐसी घटनाएं हो ही नहीं सकतीं। ऐसा लगता ही नहीं कि केंद्र या राज्य सरकारों की प्राथमिकता में देसी शराबों में जहरीली सामग्रियों के उपयोग तथा अवैध शराब को रोकना शामिल है। वहीं समाज भी ऐसे तत्वों के खिलाफ संगठित होकर आवाज क्यों नहीं उठाता? अनेक प्रदेशों में महिलाओं ने शराब के खिलाफ आंदोलन किया है, पर उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बन जाती है, क्योंकि पूरे समाज का साथ उन्हें नहीं मिलता। आज पूरे देश का ढांचा ऐसा हो गया है कि कोई एक राज्य नशे पर रोक लगाने का कदम उठाता है तो उसे कहीं से सहयोग नहीं मिलता और वह विफल हो जाता है। मुख्य खलनायक तो नशे के लिए कुछ सामग्रियों को कानूनी रूप से मान्य कर देना है। विरोध करने पर राजस्व का तर्क दिया जाता है। मगर नशे के कारण जो बीमारियां होतीं हैं, अपराध होते हैं, सामाजिक अशांति बढ़ती है उन पर होने वाले खर्च की तुलना करने का साहस सरकारें करें तो राजस्व का सच सामने आ जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

अध्यात्म और विज्ञान

इस जगत में अज्ञात से सब ज्ञात हुआ है। युगों-युगों से मनुष्य इस पृथ्वी पर जीवन यापन करता चला आ रहा है। पहले वह धरा पर सादगी धारण कर शांतिपूर्वक तरीके से अपनी जीवन रूपी नौका को चलाता रहता था। कम आकांक्षाएं, सरल जीवन उसके मन, मस्तिष्क को बाह्य जगत के थपेड़ों से बचाए रखती थीं। उसकी ज्यादातर चेष्टाएं आंतरिक होती थीं। आंतरिक विचारों के साथ संयुक्त होकर अपने जीवन को बाह्य जगत के साथ यथायोग्य सामंजस्य बिठाकर वह आगे बढ़ता रहता था। इसमें वह सच्चे अर्थ में धर्म एवं अध्यात्म की आडंबर रहित परिपाटी की बागडोर थामकर उच्च विचारों के साथ संयुक्त रहता था। अब वर्तमान परिवेश पर दृष्टिपात करें तो ज्ञात होता है कि विज्ञान की खोज के माध्यम से भौतिक जगत में शरीर के उपयोग के लिए सभी कुछ उपलब्ध हो गया है। इस भौतिक जगत की उन्नति एवं प्रगति को देखकर मानव मोहित हो रहा है। वह पूर्ण सत्य को पीछे करके इसका सारा श्रेय विज्ञान को प्रदान कर देता है।

यह सच है कि विज्ञान की खोज के परिणामस्वरूप बहुत सी ऐसी चीजें प्राप्त हुई हैं जिनसे मानव जीवन को काफी सहायता मिलती है, वे जीवन में उपयोगी होने के साथ-साथ जीवन में सुगमता भी पैदा करती हैं, लेकिन अब उसे यहां अहंकार की बीमारी लग गई है। वह यह करने लग गया है कि जो विज्ञान की कसौटी पर परिणाम देने वाला नहीं होगा, वह सब असत्य है। उसका यह भी कहना है कि अब वैज्ञानिक सोच विकसित हो गई है। इसलिए दुनिया विज्ञान की सोच से ही चलेगी। विज्ञान की भौतिक उपलब्धि की चकाचौंध में वह परमेश्वर द्वारा रचित इस संसार में उसकी कृति की उपेक्षा करने लगा है।

विज्ञान की आंख से देखने वालों को यह समझना आवश्यक है कि विज्ञान की आयु चार-पांच सौ वर्ष से अधिक नहीं है। इस छोटी आयु में विज्ञान के माध्यम से जो उपलब्धि हुई है वह मूल रूप में पहले से ही विद्यमान थी। इस संसार में मनुष्य जितना जान पाया है उससे कहीं ज्यादा छिपा हुआ है, अदृश्य है। अतः यह समझकर चलना चाहिए कि अखिल ब्रह्मांड के स्वामी पूर्ण परमेश्वर हैं। इसलिए आज की भौतिक प्रगति को देखकर शांत भाव धारण करते हुए अपनी आत्मिक उन्नति का प्रयास भी करना चाहिए।

अशोक वाजपेयी

सकारात्मक सोच से मिलती है खुशी

डॉ. कुमारेंद्र सिंह सेंगर

यदि नकारात्मकता दूर करने से खुशी का जन्म होता है तो फिर ध्यान रखें कि सकारात्मकता समाप्त होने से ही दुख का उदय हुआ है

खुशी शब्द देखने में जितना छोटा है, उसकी उतनी ही व्यापकता है। सभी के लिए खुशी के अलग-अलग मायने हैं, अलग-अलग संदर्भ हैं। किसी के लिए बहुत ही छोटी समझी जाने वाली स्थिति से बहुत बड़ी सी खुशी उत्पन्न हो सकती है तो किसी के लिए बड़ी से बड़ी स्थिति भी खुशी पैदा नहीं कर पाती है। खुशी एक स्थिति कही जा सकती है जो व्यक्ति को खुश रहने का अवसर उपलब्ध करवाती है। इस अवसर का स्वरूप कुछ भी हो सकता है, कैसा भी हो सकता है।

कई बार लगता है कि मानव स्वभाव इस तरह का है ही कि वह खुशी को बहुत लंबे समय तक अपने साथ रख नहीं पाता है। उसके ऊपर किसी न किसी दुख को, कष्ट को, नाखुशी को बैठा देता है। उसके सामने एक पल में एक साथ आने वाली खुशी और गम में वह उस गम को जिंदगी भर ढोता रहता है, जबकि उसी समय साथ आई खुशी को तत्काल भुला बैठता है। यदि नकारात्मकता दूर करने के परिणामस्वरूप खुशी का जन्म होता है तो फिर ध्यान रखना होगा कि सकारात्मकता समाप्त होने से ही दुख का उदय हुआ है। ऐसे में उसी सकारात्मकता को पुनः क्यों नहीं प्राप्त किया जाता है? क्यों नहीं दुख के मूल में छिपे नकारात्मक भाव को दूर करके खुशी को गले लगाया जाता है? भारतीय समाज में बहुधा देखने में आता है कि एक दुख के साये में व्यक्ति पूरी जिंदगी बिता देता है। उसका रहन-सहन, उसकी जीवन-शैली, उसकी कार्यशैली, उसकी दिनचर्या आदि सबकुछ उसी एक दुख के द्वारा संचालित होने लगती हैं। ऐसे में उसी नकारात्मकता को दूर करने की आवश्यकता है जिसके दूर होने से खुशी मिली थी। उसी सकारात्मकता को बनाए रखने की जरूरत है जिसके न होने से दुख दिखाई देने लगा है।

खुशी या दुख पूरी तरह से व्यक्ति की अपनी मानसिक अवस्था है। ऐसे में उसे अपने वर्तमान के साथ जीवन जीने की कला सीखने की आवश्यकता है। जो व्यक्ति अपने वर्तमान में अतीत की परेशानियों को खींच ले आते हैं और उसी वर्तमान को बोझ बनाकर भविष्य तक ले जाना चाहते हैं वे खुशी का आनंद नहीं ले पाते हैं। खुशी को दीर्घजीवी भी बनाया जा सकता है बशर्ते उसका स्वरूप स्वतंत्र छोड़ना होगा। उसे किसी भी तरह के दुख के साये में पलने को नहीं छोड़ना होगा। हमें हमारी खुशी हमारी भावनाओं में खोजनी होगी। हमें हमारी खुशी के लिए अपने जीवन की कठिनता को छोड़ना होगा।

खुशियों को लंबे समय तक साथ बनाए रखने के लिए व्यक्ति को दिखावे की संस्कृति से दूर होना पड़ेगा। व्यक्ति को उन्हीं कामों की तरफ खुद को एकाग्र करने की आवश्यकता है जो उसके दिल-दिमाग को पसंद आते हों। आवश्यक नहीं कि सिर्फ धनोपार्जन के लिए ही काम किया जाए। ऐसे काम करने के साथ-साथ अपनी खुशी को लंबा बनाने के लिए वे काम भी करने चाहिए जिन्हें शौक कहा जा सकता है, पसंद कहा जा सकता है, पैशन कहा जा सकता है। इस तरह के क्रियाकलापों से, व्यवहार से, प्रक्रिया से खुशी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी व्यक्ति को इसका आभास होना ही होना चाहिए कि खुशी उसके भीतर ही है, बस उसे देखने-समझने की आवश्यकता है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

लोककल्याण का पर्याय हो राजनीति

उदय प्रकाश अरोड़ा ने अपने आलेख 'स्वयं में सुधार से दूर भागते दल' के माध्यम से देश की राजनीति की चिंताजनक स्थिति को उजागर किया है। वास्तव में किसी देश के विकास की जिम्मेदारी उन राजनेताओं के हाथों में ही होती है, जिनका चुनाव जनता करती है। दरअसल जनता उस राजनीतिक पार्टी को ही चुनती है, जिस पर उसे विश्वास होता है कि वह उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकेगी। यदि वह पार्टी उनके उम्मीदों पर खरा उतरती है तो यह जनता और देश, दोनों की जीत होती है। देखा जाए तो आज हमारे देश की ज्यादातर आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। उसके पास आधुनिक संसाधनों का अभाव है। जब तक यह तबका संसाधनों से लैस नहीं होगा, विकास की सीढ़ियां नहीं चढ़ सकेगा। गौरतलब है कि देश के संपूर्ण विकास के लिए भारत के हर तबके के लोगों का विकास जरूरी है। एक सच्चे राजनीतिज्ञ के लिए उसका देश ही संपूर्ण कुटुंब सरीखे होता है, इसलिए उसका कर्तव्य होना चाहिए कि वह स्वयं के लाभ के लिए नहीं, अपितु देशवासियों के हित के लिए सोचे। देश के राजनेता जब ईमानदारी से काम करेंगे तो नागरिक भी स्वयं ईमानदार हो जाएंगे तथा इसका असर सकारात्मक होगा। इसलिए सत्तारूढ़ पार्टियों को जनता के विश्वास को जीतने के लिए सदैव देशहित और लोक कल्याण को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए।

सौरभ पाठक, ग्रेटर नोएडा

मेलबाक्स

सोमनाथ और राम मंदिर निर्माण की स्थिति

अयोध्या पर अनुदार सोच का प्रदर्शन शीर्षक से बीते दिनों लिखे अपने आलेख में मनमोहन वैद्य ने राम मंदिर निर्माण को लेकर लगाई जाने वाली अटकलों को स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जोड़कर जो तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है, वह अपनी जगह सही है, क्योंकि पिछले 70 वर्षों से भारतीय आस्था के प्रतीक राम मंदिर के निर्माण में जो अड़चनें पैदा की जा रही हैं वह एक अनुदार मानसिकता का प्रतिफलन है। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि भारत के बहुसंख्यक हिंदू वर्ग की आस्था के संबंध में क्या इस तरह की अनुदार मानसिकता का प्रदर्शन उचित है? इस संदर्भ में यह कहना भी समीचीन होगा कि छह दिसंबर, 1992 की घटना राम मंदिर निर्माण के संबंध में प्रदर्शित की गई ऐसी ही अनुदार मानसिकता के प्रति सामूहिक आक्रोशजनित प्रतिकार था। भारत के सांस्कृतिक भाव-बोध से समन्वित आध्यात्मिक संचेतना इस देश की प्राण-वायु है। सरकारी सहयोग के बिना सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारतीय समाज की इसी आध्यात्मिक संचेतना का सुपरिणाम था। देश के तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की उदासीनता और अनुदार दृष्टिकोण के बावजूद भारतीय समाज के सहयोग से सोमनाथ मंदिर का कायाकल्प कर दिया था, लेकिन राम जन्म-भूमि विवाद को न्यायालय ले जाकर राम मंदिर निर्माण की स्थिति सोमनाथ मंदिर से भिन्न बना दी गई है। अब इस देश का बहुसंख्यक वर्ग चाहकर भी सोमनाथ मंदिर की तरह सामाजिक सहयोग से राम मंदिर का निर्माण नहीं कर सकता, क्योंकि वर्तमान में राम मंदिर निर्माण की परिस्थितियां विगत में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर से सर्वथा भिन्न हैं।

pandeyvp1960@gmail.com

लोग समझें नदी का महत्व

नदियों के मुक्त बहाव की महत्ता शीर्षक से लिखे अपने लेख में डॉ. भरत झुनझुनवाला ने गंगा को जल विद्युत परियोजना के लिए प्रयोग करना अनुचित बताया है। दरअसल गंगा पर बने लगभग 900 से अधिक बांध और बैराज इसके प्रवाह को बाधित कर रहे हैं, जो कि गंगा के लिए खतरा हैं। सरकार को गंगा की साफ-सफाई की तरफ गंभीरता नहीं दिखानी है तो न दिखाए, लेकिन कम से कम इसके मुक्त बहाव में रुकावट तो पैदा न करे। महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वे दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिस दिन देश का हरेक नागरिक यह समझ जाएगा कि उसका अस्तित्व नदियों की वजह से भी ही है, उस दिन से कोई भी नदियों में गंदगी नहीं डालेगा। और उसी दिन से नदियों की साफ-सफाई के सरकारी एवं गैरसरकारी प्रयास कामयाब होंगे। दुनिया के कई देशों में ऐसे उदाहरण मौजूद हैं।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

जनसत्ता

संदेश और चुनौतियां

लखनऊ में सोमवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड शो में जिस तरह से भीड़ उमड़ी, उससे पहला संदेश तो यही गया कि अब प्रियंका गांधी ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नैया पार लगा सकती हैं। प्रदेश में और राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को कांग्रेस में कोई उम्मीद दिखाई दे रही है तो वह प्रियंका से ही है। इस रोड शो से यह खुल कर सामने आ गया कि प्रियंका को सक्रिय राजनीति में उतारने का कांग्रेस अध्यक्ष का फैसला दूरगामी नतीजे वाला है। कांग्रेस के लिए इस वक्त सबसे बड़ा संकट यह है कि उत्तर प्रदेश में पिछले तीस साल से पार्टी जिस मरणासन्न हालत में पड़ी है, उसे फिर से कैसे खड़ा किया जाए। प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी नेता अभी तक उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जीवनदान दिलाने में कामयाब नहीं हो सका है। सिर्फ अमेठी और रायबरेली ही कांग्रेस के बचे-खुचे गढ़ के तौर पर रह गए हैं। इसीलिए सारी उम्मीदें अब प्रियंका पर ही टिकी हैं। इस लिहाज से लखनऊ में प्रियंका के पहले रोड शो ने राजनीति का माहौल बदलने का संकेत भी दे दिया है।

लखनऊ में कांग्रेस के पहले रोड शो से निश्चित तौर पर दूसरे दल सकते में होंगे। किसी भी दल को कांग्रेस के ऐसे आगाज की उम्मीद नहीं रही होगी। प्रियंका के काफिले ने पंद्रह किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया और उनकी झलक पाने के लिए लोग सड़क के दोनों ओर खड़े रहे। इससे पता चलता है कि प्रदेश में प्रियंका के चुनावी कमान संभालने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों में कैसा गजब का उत्साह बना है। लोग प्रियंका को दूसरी इंदिरा गांधी मानते हुए कांग्रेस की भावी नेता के रूप में देख रहे हैं। प्रियंका ने रोड शो के दौरान कहीं कोई भाषण नहीं दिया, लेकिन लोगों को यह अहसास कराने में वे कामयाब रहीं कि आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव जरूर लाएंगी। यही जनता की उनसे अपेक्षा है जिस पर उन्हें खरा साबित होकर दिखाना है। इस रोड शो के बाद प्रियंका ने सोशल मीडिया पर भी धमाके के साथ प्रवेश किया। ट्विटर पर उनके फॉलोअरों की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर निकल गई है। जाहिर है, सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक पर प्रियंका की आंधी है।

लेकिन अब उन्हें जिन हालात से निपटना है वे कोई मामूली नहीं हैं। प्रियंका को पूर्वी उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है जहां कांग्रेस की हालत सबसे ज्यादा खराब है। इलाहाबाद, प्रतापगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर सहित कई जिलों में एक वक्त में कांग्रेस का खासा दबदबा होता था। लेकिन आज कांग्रेस के पास यहां कुछ नहीं बचा है। हाल में सपा-बसपा ने जो महागठबंधन किया, उसमें कांग्रेस को शामिल नहीं किया गया। ऐसे में प्रदेश में कांग्रेस को अपना जो भी दमखम दिखाना है, वह अकेले ही दिखाना है। हालांकि कांग्रेस ने भी उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया है। कांग्रेस के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती प्रदेश में संगठन के कायाकल्प की है। स्थानीय स्तर से लेकर युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जैसी इकाइयों में जान फूंकनी होगी। एक वक्त में दलित और अल्पसंख्यक कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक हुआ करते थे। लेकिन बाद में अल्पसंख्यक समाजवादी पार्टी और दलित बहुजन समाज पार्टी की ओर चले गए। ब्राह्मणों का बड़ा हिस्सा भाजपा के पास आ गया। प्रियंका के लिए सबसे कठिन काम अपने वोट बैंक को फिर से खड़ा करना है। कांग्रेस के लिए यह डगर आसान नहीं है, फिर भी प्रियंका उम्मीद की किरण तो हैं ही।

आग के ठिकाने

दिल्ली में करोलबाग इलाके के एक होटल में लगी आग से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि शहरों के व्यावसायिक और सार्वजनिक भवनों, भीड़भाड़ वाली जगहों पर किस कदर सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही बरती जाती है। जिस होटल में आग लगी, उसमें करीब साठ कमरे हैं। उसमें करीब सौ यात्री ठहरे हुए थे और पंद्रह-बीस होटलकर्मी सेवा में तैनात थे। आग तड़के चार बजे लगी। आग लगने का कारण फिलहाल बिजली के तारों का गरम होकर जल उठना बताया जा रहा है। इस हादसे में करीब सत्रह लोगों के मारे जाने और पैंतीस लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। लोगों की मौत दम घुटने की वजह से हुई बताई जा रही है। सीढ़ियां लकड़ी की बनी हुई थीं, जो आग की चपेट में आ गई थीं। इसकी वजह से बहुत सारे लोग सीढ़ी के रास्ते नीचे नहीं उतर पाए। कुछ लोगों ने खिड़की से छलांग लगाने की कोशिश की, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दिल्ली सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा भी कर दी है। पर समझना मुश्किल है कि होटल में सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी को कैसे नजरअंदाज कर दिया गया था!

बड़े शहरों में मुसाफिरों की आवाजाही अधिक होने की वजह से होटल, मोटल, गेस्ट हाउस आदि का कारोबार बड़े पैमाने पर चलता है। दिल्ली के कई इलाकों में, जो रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डे और किसी बाजार या बड़े व्यावसायिक केंद्र के आसपास हैं, संकरी गलियों और बहुत छोटी जगहों पर लोगों ने होटल खड़े कर लिए हैं। इंटरनेट साइटों आदि के जरिए सस्ती दरों पर रुकने-ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर खूब कमाई कर रहे हैं। मगर स्थिति यह है कि उनमें सुरक्षा संबंधी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। न तो उनकी बनावट अनुकूल है, न उनके पास आपात स्थितियों से पार पाने के इंतजाम हैं। आजकल वातानुकूलित कमरों का चलन है, इसलिए ज्यादातर इमारतें इस तरह बनाई जा रही हैं, जिनमें बाहर की हवा अंदर और अंदर की बाहर जाने तक की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाती। चारों तरफ से कांच से बंद होती हैं। करोलबाग के जिस होटल में आग लगी, उसमें भी ऐसा ही था। वातानुकूलित इमारत होने के कारण, जब उसमें आग लगी, तो धुंआ अंदर ही घुमड़ता रहा और दम घुटने से कई लोगों की मौत हो गई।

कायदे से व्यावसायिक और सार्वजनिक भवनों में अग्निशमन, भूकम्प आदि स्थितियों से निपटने संबंधी इंतजामों की नियमित जांच होनी चाहिए। उसी के अनुसार उनका लाइसेंस नवीकृत किया जाता है। अगर करोलबाग वाले होटल की संजीदगी से जांच की गई होती, तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं हो पाया होता। आजकल सार्वजनिक भवनों में आग की स्थिति से निपटने के लिए स्वचालित अग्निशमन संयंत्र लगाना अनिवार्य है। जैसे ही भवन में कहीं धुआं उठता है, उसका अलार्म बजना शुरू हो जाता है। फिर एक निश्चित समय के बाद अग्निशमन संयंत्र चालू हो जाता है, पानी के फव्वारे चलने लगते हैं। अगर करोलबाग के होटल में आग पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग को इतनी मशक्कत करनी पड़ी तो जाहिर है कि वहां ऐसा कोई इंतजाम नहीं था। इसलिए होटल में लगी आग के लिए केवल होटल प्रबंधक दोषी नहीं हैं, इसके लिए सरकारी तंत्र भी समान रूप से दोषी है।

कल्पमेधा

यह ठीक ही कहा गया है कि समूह में सिर अनेक होते हैं लेकिन मस्तिष्क एक भी नहीं होता।
-खारोल

कृषि के लिए निर्यात जरूरी

सुविज्ञा जैन

उत्पादन में कई देशों से बहुत आगे होते हुए भी निर्यात में हम पीछे हैं। इसका मुख्य कारण है हमारी निर्यात होने वाली वस्तुओं में विविधता की कमी और ज्यादा कीमत वाले उत्पादों का निर्यात कम होना। मसलन, वैश्विक बाजार में इस समय कृषि उत्पादों में सबसे ज्यादा मांग सब्जियों और फूलों की है। हमारे कुल कृषि निर्यात में ऊंची कीमत वाले उत्पादों का हिस्सा सिर्फ पंद्रह फीसद है, जबकि निर्यात का बावन फीसद हिस्सा गेहूं, चावल और समुद्री उत्पादों का है जिनकी वैश्विक बाजार में आपूर्ति हद से ज्यादा है और कीमत बहुत ही कम।

खेती-किसानी पर सोच-विचार अचानक बढ़ गया है। सिर्फ किसान और सरकारें नहीं शहरों में रह रहे नौकरीपेशा, उद्योग धंधों में लगे और सामाजिक चिंताशील लोग भी कृषि पर विमर्श करते दिख रहे हैं। इससे देश में कृषि पर संकट की तीव्रता पता चलती है। कृषि और किसानों के लिए क्या और कितना किया जाए, इस पर पिछले दो दशकों में सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर खूब विचार-विमर्श हुआ और दोनों ही स्तर पर विशेषज्ञ समितियों की ढेरों सिफारिशें हमारे सामने हैं। लेकिन कृषि सुधार की हर योजना और उपाय की बात देश के सीमित संसाधनों पर आकर अटकती रही है। यह निष्कर्ष निकालना गलत नहीं होगा कि देश के अंदर से कृषि के लिए संसाधन जुटाने की तमाम कोशिशें हो चुकी हैं और शायद इसीलिए कुछ समय से कृषि निर्यात बढ़ा कर बदहाल होती जा रही कृषि को राहत देने की कोशिशें दिख रही हैं। लेकिन वैश्विक बाजार में भारतीय कृषि उत्पादों की स्थिति बेहतर हो नहीं पाई।

भारत शुरू से ही कृषि प्रधान देश है। लेकिन आजाद होते ही भारत के सामने सबसे बड़ा संकट पर्याप्त भोजन की व्यवस्था का ही था। उस समय खाद्य उत्पादन हमारी मांग के हिसाब से बहुत कम था। पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत में हम सैंतालीस लाख टन अनाज विदेशों से मंगा रहे थे। उसके पांच साल बाद उत्पादन बढ़ा कर हम अपना कृषि आयात घटा कर दस लाख टन तक ले आए। लेकिन तीसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान दो युद्ध और गंभीर सूखे ने कृषि की कमर तोड़ दी और सन 1966 में भारत को अपनी आबादी की खाद्य जरूरत पूरा करने के लिए एक करोड़ टन अनाज आयात करना पड़ा। संकट से उबरने के लिए तब उन्नत बीजों के इस्तेमाल की योजना से हरित क्रांति की नींव रखी गई थी। आखिर खाद्य आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल हुआ और फिर कुछ भारतीय कृषि उत्पादों का निर्यात भी शुरू हुआ। इसमें गेहूं प्रमुख था। उस समय से आज तक भारतीय कृषि उत्पादन औसतन बढ़ता ही रहा। आजादी के बाद पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत में जो खाद्य उत्पादन करीब पांच करोड़ टन था, वह आज अट्ठाईस करोड़ टन तक पहुंच चुका है। लेकिन कृषि निर्यात उस हिसाब से नहीं बढ़ पाया। इस समय कृषि उत्पादन में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में है। लेकिन कृषि निर्यात के मामले में हम वैश्विक सूची में पहले दस देशों में भी नहीं आते।

पिछले साल के कृषि निर्यात के आंकड़े पर नजर डालें तो वाणिज्य मंत्रालय की निगरानी में आने वाले मुख्य तीस क्षेत्रों में से सोलह क्षेत्रों का निर्यात घटा है। उन सोलह उत्पादों में आठ कृषि उत्पाद हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारे कई कृषि उत्पादों की मांग घटी है। इसके कई कारण हो सकते हैं। लेकिन प्रबंधन प्रौद्योगिकी के पाठों के मुताबिक वैश्विक बाजार में किसी उत्पाद की मांग घटने के दो ही कारण हो सकते हैं। या तो बाजार में दूसरे देश भारतीय उत्पाद से बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद दे रहे हैं या उनका माल हमसे सस्ता है। सार्वभौमिक नियम यह है कि अगर किसी उत्पाद की आपूर्ति ज्यादा हो और खरीददार सीमित तो प्रतिस्पर्धा बढ़ जाती है और माल बिकने के मौके कम हो जाते हैं। इसलिए या तो हम अपने उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाएं या अपने कृषि उत्पाद की लागत को कम करने का इंतजाम करें।

भारतीय कृषि इस समय निर्यात बढ़ाने पर ज्यादा निर्भर इसलिए भी है कि हर साल कृषि पैदावार का रिकॉर्ड टूट रहा है। कई फसलों की उपज भी घरेलू जरूरत से ज्यादा होने लगी है। मसलन पिछले साल गन्ने की रेकॉर्ड पैदावार हुई। इससे तीन करोड़ पंद्रह लाख टन चीनी बनी। जबकि चीनी की घरेलू खपत सिर्फ ढाई करोड़ टन थी। तब सरकार को चीनी निर्यात के लिए चीनी मिलों को ट्रांसपोर्ट सबसिडी देने का एलान करना पड़ा। पचास लाख टन चीनी निर्यात करने का लक्ष्य बनाया गया था। आज तक का मोटा अनुमान है कि तीस से पैंतीस लाख टन चीनी ही निर्यात हो पाएगी। इसी के साथ इस साल की फसल आ चुकी है। इस साल भी चीनी का उत्पादन तीन करोड़ टन से ज्यादा रहने का अनुमान है। ऐसी ही कई दूसरी फसलों की खपत को लेकर सरकार अब कृषि निर्यात को एक बड़े विकल्प के रूप में देख रही है। और इसलिए अब देश के बाहर बाजार तलाशने पर ज्यादा जोर है।



वैश्वीकरण के दौर में बाजार तलाशना इतना आसान नहीं है। हर देश प्रतिस्पर्धा में है। ऐसे में भारत प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अभी तक निर्यात पर अलग-अलग सबसिडी देकर अपना माल बाहर बेच रहा था। लेकिन पिछले कुछ समय से भारत पर अंतरराष्ट्रीय मंचों से यह दबाव बन रहा है कि हम अपने जिन उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए सबसिडी दे रहे हैं उसे बंद कर दें। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में हमारी शिकायत भी दर्ज कराई गई है। लेकिन अगर हम सबसिडी बंद करते हैं तो विदेशों में भारतीय माल के दाम बढ़ जाते हैं। सबसिडी हटाने के लिए दूसरे देशों का तर्क है कि वैश्विक बाजार में सभी उत्पादकों के लिए समान मौके होने चाहिए। सरकार के निर्यात पर सबसिडी दे देने से दूसरे देशों के उत्पाद की बिक्री के मौके घाट जाते हैं। वैश्विक व्यवस्था का यही दबाव हमारे ऊपर है। इधर अपनी अंदरूनी माली हालत के कारण सबसिडी की मदद देकर ज्यादा समय तक अपने माल को टिकाए रखना भी मुश्किल काम है। इसलिए भारत को अपने कृषि उत्पाद को प्रतिस्पर्धा में लाने के दूसरे उपाय सोचने ही पड़ेंगे।

बहरहाल, इसे मानने में कोई हर्ज नहीं है कि अभी तक भारतीय कृषि विश्व बाजार में प्रमुख विक्रेता नहीं बन पाई है। उत्पादन में कई देशों से बहुत आगे होते हुए भी निर्यात में हम पीछे हैं। इसका मुख्य कारण है हमारी निर्यात होने वाली वस्तुओं में विविधता की कमी और ज्यादा कीमत वाले उत्पादों का निर्यात कम होना। मसलन, वैश्विक बाजार में इस समय कृषि उत्पादों में सबसे ज्यादा मांग सब्जियों और फूलों की है। हमारे कुल कृषि निर्यात में ऊंची कीमत वाले उत्पादों का हिस्सा सिर्फ पंद्रह फीसद है, जबकि निर्यात का बावन फीसद हिस्सा गेहूं, चावल और समुद्री उत्पादों का है जिनकी वैश्विक बाजार में आपूर्ति हद से ज्यादा है और कीमत बहुत ही कम। गेहूं और चावल जैसे उत्पादों को निर्यात करने की एक बड़ी वजह यह है कि भारतीय कृषि निर्यात नीति अवशिष्ट निर्यात आधारित है। यानी अभी तक हम उन वस्तुओं के निर्यात पर जोर लगाते आए हैं जो घरेलू खपत पूरा होने के बाद बच जाती हैं। जबकि इस समय वैश्विक मांग को देखते हुए खासकर निर्यात के नजरिए से ज्यादा कीमत वाली फसलें उगाने पर जोर लगाने की जरूरत है।

इसीलिए पिछले महीने वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से नई कृषि निर्यात नीति में मोटे तौर पर चार लक्ष्य बनाए गए हैं। इसमें मुख्य लक्ष्य है 2022 तक कृषि निर्यात को दुगना करना यानी तीस अरब डॉलर से साठ अरब डॉलर तक पहुंचाना। निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में विविधता लाना और नए बाजार तलाशना। इसी के साथ ज्यादा कीमत वाली फसलों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ाना, और राज्यों के लिए वैश्विक बाजार आसानी से पहुंच में लाने के संस्थागत तंत्र को मुहैया करना और निर्यात में आने वाली रुकावटों को कम करना। यानी यह तय हो गया है कि क्या किया जाए। अब देखा जाना है कि इसे किया कैसे जाएगा? कृषि निर्यात के ये उपाय लागू हो पाए तो भारतीय कृषि के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित हो सकता है।

अनुभवों की राजनीति

विलास जोशी

दुनिया मेरे आगे

यह दुनिया और दुनियादारी बहुत ही अजीब चीज हैं। इसे समझने के लिए एक जिंदगी काफी नहीं हैं, क्योंकि हमारा जीवन दो हिस्सों में बटा है। एक 'किताबी जिंदगी' है तो उसका दूसरा हिस्सा 'अनुभव की किताब'। किताबों से हमें विचार मिलते है, जबकि जिंदगी से अच्छे-बुरे अनुभव। हमें जीवन में अनंत अनुभव मिलते हैं। उनके कुल जमा जोड़ का नाम है- समझ या परिपक्वता। जिंदगी अनुभव से समझी या जानी जाती है।

एक कृषि शास्त्री को उनके शोध ग्रंथ के आधार पर डाक्टरेट की उपाधि मिली। उसके बाद एक दिन वे एक खेत में गए और खेतिहर मजदूर से मिले। बातों-बातों में उन्होंने उससे यह मालूम कर लिया कि उस खेत में कौन-कौन से पेड़ हैं, किस पेड़ पर कौन सा फल लगता है, एक एकड़ जमीन में कितनी फसल उगती है आदि। फिर वे दूसरे गांव गए और एक किसान से मिले। किसान बोला- साहब, आप तो कृषि शास्त्री की उपाधि से विभूषित हैं और खेती-किसानी के बारे में सब कुछ जानते हैं, फिर आपके सामने मैं क्या चीज हूं भला! फिर वे एक खेत में गए और किसान से बोले- मुझे लगता है कि इस पेड़ पर आम नहीं लगेंगे। किसान बोला- साहब, यह तो मैं बहुत पहले से जानता हूं कि इस पेड़ पर आम नहीं लगेंगे क्योंकि यह पेड़ आम का है ही नहीं।

दरअसल, वे कृषिशास्त्री इसके पूर्व कभी खेत-खलिहानों में गए ही नहीं थे। उनको 'कृषि शास्त्री' और 'डाक्टरेट' की उपाधियां किताबों के कारण मिली थीं। फिर इसके पूर्व तक उन्होंने अपनी जिंदगी सिर्फ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में बिताई थी।

महात्मा गांधी ने कहा था कि 'ठोकर लगे और दर्द हो तभी मैं कुछ नया सीख पाता हूं'। सच तो अनुभव एक ऐसा रत्न है, जिसका मूल्य रुपए-पैसों और संपत्ति में कभी नहीं आंका जा सकता। जीवन में परिश्रम करने के दौरान कष्ट सहने के बाद ही अनुभव हासिल होते हैं। अनुभव जीवन की सर्वोच्च पूंजी है, यदि उन्हें हम समयानुरूप खर्च करें तो वह और भी बढ़ती जाती है। कबीर दास जी ने कहा भी है कि- 'आतम अनुभव ज्ञान की, जो कोई पूछै बात। सो गूंगा गुड़ खाई कै, कहे कौन मुख स्वाद।।'

जीवन के यथार्थ में व्यथा और वेदना जो अनुभव हमें दे जाती हैं, वह किसी भी विश्वविद्यालय की किताबों में पढ़ने को नहीं मिल सकती। पिछले दिनों मुझे एक व्याख्यान सुनने का अवसर मिला, जिसमें एक दिलचस्प कहानी सुनने को मिली। बनारस में हजारों साल पहले चलन था कि राजा जनता जनार्दन के बीच से ही चुना जाता था। बस शर्त यह होती थी कि पांच साल बाद उसे सिंहासन छोड़ कर नदी के उस पार के भयानक जंगल में चले जाना होता था। वहां जंगली जानवर उसे मार कर खा जाते थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। कई लोग राजा बने, तय समय तक राजा का विलासी जीवन जिया और अंत में जंगली जानवरों का शिकार बन उन्हें बेहद बुरी मौत मिली। इस क्रम में एक नाविक को राजा बनने का अवसर मिला। राजा बनते ही उसने पहले अपने पूर्व हुए राजाओं की व्यथा-कथा को समझा। कहते हैं आदमी दूसरों के अनुभवों से भी बहुत कुछ सीख सकता है। उसने भी उनके दारुण अंत से अनुभव लेकर नदी पार के जंगल की सफाई कराने का काम शुरू किया। जब वह जंगल अच्छी तरह साफ हो गया तब उसने आम लोगों के लिए जीवन की आवश्यक वस्तुओं की वहां व्यवस्था भी करा दी। यह देख कुछ लोग वहां जाकर रहने भी लगे। जब उस नाविक का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे नदी के पार जाना पड़ा, तब उसे एक नया बसा-बसाया राज्य मिला और वह वहां भी राजकाज करने लगा। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उसने पिछले राजाओं से सबक सीख कर अपना और दूसरों का जीवन भी सुखमय कर दिया।

यदि हम अपने और दूसरों के कड़वे अनुभवों से सबक लेकर अपने जीवन में सुधार लाते हैं तो यह सब हमारे परिवार और समूचे समाज के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करता है। यदि हम अपने जीवन रूपी खेत में अनुभव के बीज बोएंगे, तो यकीनन खुशियों की फसल लहलहाएगी। अनुभव एक ऐसी अदृश्य दृष्टि है, जो हमें ठोकर लगने के पहले ही सचेत कर देती है कि आगे नुकीला पत्थर है जो हमें नुकसान पहुंचा सकता है।

यदि हम अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं तो उसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अपने जीवन उद्देश्यों और लक्ष्यों को अपने और दूसरों के अनुभवों की कसौटी पर उन्हें परखें। यही परख आपको अपने अंतिम ध्येय तक पहुंचाने में सहायक होगी। कबीरदास जी की यह बात अनुभव को लेकर ही कही होगी कि- 'कागद लिखै सो कागदी की ब्योहारी जीव। आतम दृष्टि कहां लिखै जित देखै तित पीव।।'

क्रांति की शर्त

इन दिनों कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और बिग डेटा आदि जैसी उन्नत तकनीक पर आधारित चौथी औद्योगिक क्रांति की बहुत चर्चा हो रही है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री ने भी विश्व आर्थिक मंच के 'चौथी औद्योगिक क्रांति केंद्र' की शुरुआत के मौके पर कहा था कि हमारा देश इस नई क्रांति के लाभ उठाने के लिए तैयार है। यहां गौरतलब है कि पहली औद्योगिक क्रांति पानी व भाप की शक्ति के कारण और दूसरी विद्युत शक्ति के कारण संभव हो पाई जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर उत्पादन संभव हो सका। इन दोनों औद्योगिक क्रांतियों के समय भारत दुर्भाग्यवश उपनिवेशवाद का दंश झेल रहा था। उसके बाद तीसरी औद्योगिक क्रांति ने सूचना और प्रौद्योगिकी द्वारा स्वचालित निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

भारत के संदर्भ में अगर चौथी औद्योगिक क्रांति की बात करें तो निस्संदेह देश के भीतर हमारी विविधता, वृहद बाजार, विशाल युवा शक्ति, डिजिटल संरचना आदि वे सारी क्षमताएं मौजूद हैं जो देश को विकासशील से विकसित बना सकती हैं। लेकिन इन सबके बावजूद हमारे सामने कई असुविधाजनक प्रश्न भी खड़े हैं। मसलन, क्या कौशल आधारित तकनीकी परिवर्तन नौकरियों को कम करेगा जबकि वर्तमान समय में भारत बेरोजगारी का दंश झेल रहा है? दूसरा, देश की अर्थव्यवस्था का लगभग नब्बे फीसद कार्यबल अनौपचारिक क्षेत्र के तहत कार्यरत है। आधी से अधिक आबादी कृषि और उससे संबद्ध गतिविधियों में संलग्न है। एनएसएसओ की रिपोर्ट कहती है कि देश के कुल कार्यबल में केवल पांच फीसद लोग औपचारिक रूप से प्रशिक्षित हैं, और महज दस फीसद लोग डिजिटल रूप से साक्षर हैं। जैसा कि हम जानते हैं, चौथी औद्योगिक क्रांति, जो उन्नत तकनीक पर आधारित है, उसके संचालन के लिए कौशल विकास पूर्व निर्धारित शर्त है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा लागू की गई कौशल विकास योजनाएं विफल क्रियान्वयन की शिकार हैं और केवल अब तक कागजों में सफल हैं। ग्रामीण युवाओं तक ये योजनाएं अब भी नहीं पहुंच पाई हैं।

व्यवहार के धरातल पर देखें तो कई देशों में अनेक ऐसी समस्याएं मौजूद हैं जिनके चलते चौथी औद्योगिक क्रांति के अवसर का लाभ उठाने में हमें अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। लिहाजा, इन चुनौतियों का प्रबंधन मानव पूंजी में अधिक निवेश और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए बफर बनाने, असमानता दूर करने, लिंग भेदभाव और मशीन लर्निंग आदि विषयों में शिक्षित करके बेहतर तरीके से कर सकते हैं। वर्तमान समय भारत के पास अपने भविष्य को आकार देने के लिए स्वर्णिम अवसर है। वह नई औद्योगिक क्रांति के दौर में अधिक लाभ उठा सकता है, बशर्ते नीति निर्माण का केंद्र बिंदु जनसांख्यिकीय लाभांश और तकनीकी परिवर्तन द्वारा उत्पन्न अवसरों को लक्षित करे।

● *पुष्पेंद्र पाटीदार, राऊ, जिला इंदौर*

सब्र का इम्तहान

हर सुबह जैसे ही अखबार हाथ में आता है तो सबसे पहले मुखपृष्ठ की मुख्य खबर और उसके आसपास की कुछ ताजा खबरों पर ध्यान अटक जाता है। देश की राजनीति अपनी सरगर्मियों के साथ खबरों पर छाई रहती है। समय के साथ राजनीति का चेहरा और अंदाज बदल गए हैं। वैसे चुनावों का मौसम न हो, तो भी ऐसा लगता है कि राजनीति अब देश को चलाने की राजनीति नहीं रही। अब यह सिर्फ चुनावी राजनीति हो गई है। मौसम भी चुनावी हो तब तो बात ही और है। अब तो अखबार की पाठक के रूप में मुझे अपनी बेचारगी पर तरस आने लगा है, क्योंकि अब अक्सर मुखपृष्ठ के नीचे का कार्टून देखना और देख कर मुस्कराना भूलने लगी हूं। ऊपर का फोटू, तेवर, घोषणाएं, आलोचनाएं, यही सब उलझा लेते हैं और तब पृष्ठ छह पर जाने की जल्दी होती है ताकि दिमाग और दिल से जुड़ी अच्छी-अच्छी बातें पढ़ने को मिल जाएं, जिससे थोड़ी राहत महसूस हो।

सबसे ज्यादा परेशान करने वाली चीज है चुनाव के मैदान में उतरने वाले हमारे योद्धाओं की भाषा और बेसिर-पैर के तंज। लोकतंत्र, संविधान, कृषि, रोजगार, अर्थव्यवस्था- ऐसे अनेक शब्द हैं जो चुनावी भाषा को गरिमा प्रदान करते हैं। लेकिन यहां तो 'चौकीदार', 'चोर', फलां के 'पचपन साल सत्ताभोग के' और ढिमकाने के 'पचपन महीने सेवा के', यानी ये सब लोग और मीडिया वाले जैसे जनता के सब्र का इम्तहान लेने में लगे हैं। राहुल गांधी से कौन कहे कि रफाल का किस्सा किसी सिरे तक तो पहुंच जाने दें। महीनों पहले ही क्यों चोर-चोर चिल्लाना शुरू कर दिया आपने! प्रधानमंत्रीजी तो खैर सर्वेसर्वा हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं, हदों को लांघ भी सकते हैं! अखबार वालों की भी मजबूरी हम समझते हैं। अपनी परेशानी के लिए इन्हें क्यों दोष दें! खुद अपने ही मन को समझा लेते हैं कि चलो, यह भी बीत जाएगा।

● *शोभना विज, पटियाला*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

मौत का नशा

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जहरीली शराब पीने से सौ से अधिक लोगों का मौत के मुंह में चले जाना बेहद दुखद है। अवैध शराब की इतनी बड़ी मात्रा में बिक्री क्षेत्रीय प्रशासन पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। क्या वाकई इस मामले की जानकारी किसी को नहीं थी? अगर थी तो सख्ती बरतने में देर क्यों हुई? यह मामला और भी बेहद गंभीर हो सकता था। गांव-देहात में अवैध शराब का बिकना आखिर कब बंद किया जाएगा? इस धंधे में शामिल लोगों पर लगाम कसने के लिए सरकार और प्रशासन को सख्ती बरतनी होगी ताकि आगे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना से सीख लेकर यदि शराब को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाए तो वह अच्छा निर्णय होगा। शराब पीने से न केवल इसकी लत लगती है बल्कि इसके सेवन के बाद लोग आपा भी खो देते हैं। अगर शराब की बिक्री से मिलने वाले राजस्व के मोह में सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहेगी तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा देखने को मिल सकता है। जनता को भी इस काम में मदद करनी होगी। उसे अपने आसपास हो रहे इस तरह के अवैध धंधों की जानकारी प्रशासन को निडर होकर देनी चाहिए।

● *आकाश कुमार, मेरठ*

दैनिक जागरण
सफलता की मंजिल अनुशासन के मार्ग से ही मिलती है

अव्यवस्था की आग

अव्यवस्था की अनदेखी कैसे घातक परिणाम सामने लाती है, इसका एक और उदाहरण है देश की राजधानी दिल्ली के एक होटल में आग लगने के कारण 17 लोगों की मौत। ये मौतें इसलिए हुईं, क्योंकि जिन पर भी इस होटल को नियम-कायदे के हिसाब से चलाने देने की जिम्मेदारी थी उन सबने हद दर्जे की लापरवाही का परिचय दिया। इसीलिए इस अग्निकांड को हादसा कहना उसकी गंभीरता को कम करना है। यह हादसा नहीं, जिम्मेदार लोगों की लापरवाही का खौफनाक नतीजा है। यह लापरवाही की पराकाष्ठा ही है कि जिस अर्पित पैलेस होटल को चार मंजिला होना चाहिए था वह छह मंजिला बना लिया गया था और जिसमें सुरक्षा के सभी उपाय होने चाहिए थे उसमें आपातकालीन द्वार एक तो संकरा था और दूसरे उस पर ताला जड़ा हुआ था। इस होटल में आग से बचाव के प्रबंध भी दिखावटी थे। यही कारण रहा कि बचाव के उपाय नाकाफी साबित हुए। इस होटल में आग का कहर उपहार सिनेमाघर में घटे भयावह अग्निकांड की याद दिलाने वाला ही नहीं, यह भी बताने वाला है कि देश की राजधानी में व्यावसायिक गतिविधियां किस तरह अभी भी मनमाने तरीके से चलाई जा रही हैं। क्या दिल्ली का शहरी ढांचा आज भी वैसा ही अव्यवस्थित और अराजक है जैसा उपहार कांड के समय था? हाल में दिल्ली में अवैध तरीके से चलाए जा रहे कारखानों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक घटना तो उसी इलाके में घटी थी जहां होटल अर्पित पैलेस है। ऐसा लगता है कि दिल्ली के शासन-प्रशासन ने पुरानी घटनाओं से कोई सबक सीखना उचित नहीं समझा। इससे भी शर्मनाक बात यह है कि अभी भी ऐसा नहीं लगता कि जरूरी सबक सीख लिए गए हैं। दिल्ली सरकार और नगर निगम के आला अफसरों के बयान कर्तव्य की इतिश्री करते ही अधिक दिखते हैं।

दिल्ली के होटल में आग लगने के कारणों की जांच के आदेश वैसे ही नाकाम-निष्प्रभावी साबित हों तो हैरत नहीं जैसे इसके पहले के मामलों में साबित हुए। आखिर कितने व्यावसायिक स्थलों में आग के जानलेवा कहर के बाद इस बुनियादी बात को समझा जाएगा कि अगर ऐसे स्थल नियम-कानूनों के साथ सुरक्षा उपायों की घोर अनदेखी करके चलेंगे तो वे तबाही का कारण ही बनेंगे? यह नाकारापन ही है कि बेतरतीब शहरी ढांचे और सार्वजनिक सुरक्षा की उपेक्षा तब हो रही है जब उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। शहरी ढांचे का नियमन करने वाले न केवल अनियोजित विकास की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा को भी ताक पर रख रहे हैं। यही कारण है कि कभी किसी होटल में आग लगने से तबाही मचती है तो कभी किसी अस्पताल अथवा कारखाने में। प्रत्येक घटना-दुर्घटना के बाद आमतौर पर यही सामने आता है कि तबाही से दो-चार हुए ठिकाने पर या तो अवैध निर्माण होने दिया गया था या फिर दुर्घटना से बचाव के उपाय केवल कागजों पर थे। इससे भी बुरी बात यह है कि जांच के नाम पर केवल खानापूरी होती है। बेहतर हो कि जिम्मेदार लोग यह समझें कि व्यावसायिक ठिकानों अथवा बहुमंजिली इमारतों में नियम-कानूनों की उपेक्षा का मतलब है उन्हें जानबूझकर लाक्षागृह में तब्दील करना।

औली में खेलों का सच

चमोली के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली में शीतकालीन खेलों की मान्यता पर संकट के बादल छाए हुए हैं। यदि फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्कीइंग (फिस) से कोई ऐसा फैसला हुआ तो यह उत्तराखंड के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। निश्चित ही इससे उत्तराखंड में पर्यटन को भी नुकसान होगा, लेकिन सवाल यह है कि औली में इन हालात के लिए क्या सिर्फ प्रकृति जिम्मेदार है या कुछ और भी बाते हैं। कुदरत ने औली को बहुत संपन्न बनाया है। औली में 1300 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा स्लोप है। स्लोप पर 1250 मीटर वर्टिकल ड्रॉप है। स्की स्लोप में खिलाड़ियों के लिए चढ़ने को स्की लिफ्ट है। इसके अलावा खिलाड़ी, आयोजक, पर्यटक और दर्शकों के रहने के लिए भी पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं। स्नो मेकिंग मशीन भी यहां लगी है और सड़क बंद होने की स्थिति में रोपवे से औली पहुंचा जा सकता है। वर्ष 2010 में औली की ढलानों को फिस ने शीतकालीन खेलों के लिए पूरी तरह फिट मानते हुए इसे 2019 तक मान्यता दी। जब यहां पहली बार वर्ष 2011 में इंटरनेशनल सैफ गेम्स आयोजित हुए तो औली देश-दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन गया, लेकिन इसके बाद यहां इस तरह की कोई प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जा सकी। कम बर्फबारी के कारण वर्ष 2012 में इंटरनेशनल फिस रेस और वर्ष 2014 में जूनियर नेशनल गेम्स दो बार रद करने पड़े। फिस की मान्यता के नियमों में स्पष्ट है कि इन ढलानों पर नेशनल गेम्स का आयोजन जरूरी है। यह सही है कि पिछले कई वर्षों से कुदरत औली पर मेहरबान नहीं रही, लेकिन क्या सिर्फ यही एक वजह है। ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसमें कुछ न कुछ लापरवाही आयोजकों की ओर से भी रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रतियोगिता का वक्त ज्यादातर फरवरी अथवा मार्च में तय किया गया और फरवरी एवं मार्च आते-आते ढलानों पर नाममात्र की बर्फ ही मिल रही थी। इस पर प्रतियोगिता का आयोजन संभव नहीं था।

आवश्यक है अल्पसंख्यक को परिभाषित करना

शंकर शरण

जब तक कानूनी रूप से अल्पसंख्यक की परिभाषा स्पष्ट नहीं होती तब तक अल्पसंख्यकों के लिए किए जाने वाले सभी काम अनुचित ही कहे जाएंगे

अल्पसंख्यक मुद्दे पर वही हुआ जो दशकों से होता आया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में अल्पसंख्यक अवधारणा को स्पष्ट करने की गुहार लगाई गई थी ताकि सरकारी कामकाज में विभिन्न स्तरों पर इसकी आड़ में हो रही मनमानी और अन्याय पर विराम लगाया जा सके। परंतु जैसा अब तक का अनुभव है कि यहां एक खास मतवाद या समुदाय से संबंधित कोई उचित काम करने में भी तंत्र के सभी अंग हीलाहवाली ही करते हैं। इसमें भी वही हुआ और सुप्रीम कोर्ट ने इसे परिभाषित करने का काम अल्पसंख्यक आयोग को सौंप दिया मानो वही संविधान का व्याख्याता हो! जबकि संविधान में मौजूद 'अल्पसंख्यक' शब्द को केवल संसद या सुप्रीम कोर्ट ही परिभाषित कर सकते हैं। यह भी कितनी दुःखद स्थिति है कि जो कोर्ट मामूली से मामूली मुद्दे पर भी खुद निर्णय करता है, वह एक संवैधानिक उपबंध से जुड़ी और दशकों से चली आ रही गड़बड़ी पर फैसला सुनाने से कन्नी काटता है। वस्तुतः यह भी इस समस्या की गंभीरता का ही संकेत है। भारत में यह ऐसी समस्या है जिससे तमाम अन्य समस्याएं जुड़ी हैं। उपनिषद की भाषा में कहें तो इसके समाधान में हमारी कई जटिल समस्याओं के समाधान की कुंजी है। पर सत्ता के सभी अंग इस पर खुलकर सोचने से बचते हैं जबकि देश का जनमत चाहता है कि 'अल्पसंख्यक' और 'बहुसंख्यक' की परिभाषा तथा विकृति से जुड़ी कानूनी विषमता दूर होनी चाहिए, क्योंकि इसी अस्पष्टता की आड़ में यहां विभिन्न दल, देसी-विदेशी संगठन और एक्टिविस्ट भारी गड़बड़ करते रहे हैं। ऐसा न तो दुनिया में अन्य किसी देश में है, न ही यह हमारे मूल संविधान में था।

समकालीन विमर्श में अल्पसंख्यक शब्द का आशय संकीर्ण हो चला है। जस्टिस राजेंद्र सच्चर की अध्यक्षता वाली समिति ने सरकारी दस्तावेज में 'अल्पसंख्यक' और 'मुसलमान' शब्दों को एक दूसरे के पर्याय के रूप में इस्तेमाल किया था। ऐसी समझ मूल संविधान की नहीं थी। फिर भी पिछली संप्रग सरकार ने इसकी अनदेखी कर सच्चर समिति की अनुशंसाएं लागू करने का फैसला किया। ऐसे नजरिये ने देश में दो प्रकार के नागरिक बना दिए हैं जिससे 'कानून के समक्ष समानता' का संवैधानिक पहलू गौण हो गया है। कुछ वर्ष पहले पश्चिम बंगाल के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बेधड़क कहा था कि वह समुदाय को देखकर ही हिंसा संबंधी घटनाओं पर कार्रवाई करते या नहीं करते हैं। राजनीतिक बिरादरी की भी यही स्थिति है। इससे नागरिक समानता का मखौल उड़ता है। यह सब 'अल्पसंख्यक' शब्द को कानूनी तौर पर अस्पष्ट छोड़ देने से ही हुआ। यह भी अभूतपूर्व स्थिति है कि किसी देश में अल्पसंख्यक को वह अधिकार मिलें जो बहुसंख्यक को नहीं हैं। पश्चिमी लोकतंत्रों में 'माइनॉरिटी प्रोटेक्शन' का लक्ष्य होता है कि किसी के अल्पसंख्यक होने के कारण उसे किसी अधिकार से वंचित न रहना पड़े जो दूसरों को सहज प्राप्त है। भारत में इस अवधारणा को ही उलट दिया गया है जहां अल्पसंख्यकों के लिए विशेषाधिकारों की बात होती है। यह विकृति भारत में नागरिकों को दो किस्मों में बांट देती है। एक वे जिसके पास दोहरे अधिकार हैं और दूसरे वे जिन्हें एक ही तरह के अधिकार हैं जो पहले के पास भी हैं। यह हमारे देश और समाज के लिए घातक साबित हुआ है जो समाज के कई वर्गों में जहर घोल रहा है।

अवधेश राजपूत

सच तो यह है कि भारत में इस अवधारणा की जरूरत ही नहीं थी जो यूरोपीय समाजों में नस्लवादी या सामुदायिक उत्पीड़न के इतिहास से पैदा हुई है। जबकि भारत में अंग्रेजी राज के दौरान भी ऐसा नहीं था। यहां तो गोरे अंग्रेजों, यानी अल्पसंख्यकों को ही अति-विशिष्ट अधिकार हासिल थे! उससे पहले, मुगल शासन में भी अगर कोई वंचित समुदाय था तो वह बहुसंख्यक हिंदू ही थे जिन्हें जजिया जैसा धार्मिक कर देना पड़ता था। ऐसे में अव्वल तो 'अल्पसंख्यक संरक्षण' की अवधारणा ही भारत में मतिहीन होकर अपना ली गई, जिसका कोई संदर्भ यहां नहीं था। फिर भी, जब इसे पश्चिम से ले ही लिया गया तो वहां भी इसका यह अर्थ कतई नहीं कि अल्पसंख्यकों को ऐसे विशेषाधिकार दे दिए जाएं तो कथित बहुसंख्यक के पास न हों। इससे जुड़ी तीसरी गड़बड़ी यह है कि संविधान या कानून में 'बहुसंख्यक' का कहीं उल्लेख नहीं है। इस कारण उसका कानूनी तौर पर अस्तित्व ही नहीं है! यह विचित्र विडंबना है, क्योंकि कानून में कोई चीज स्वतः स्पष्ट नहीं होती। जब लिखित धाराओं के अर्थ पर ही भारी मतभेद होते हैं तब जो अलिखित है उस मोर्चे पर दुर्गति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। इसीलिए 'बहुसंख्यक' के रूप में कोई कुछ भी समझे, वह हमारे संविधान में कहीं नहीं है। यहां अनेक राजनीतिक, कानूनी गड़बड़ियां इसी कारण पनप रही हैं।

यहां कोई मुस्लिम या ईसाई व्यक्ति भारतीय नागरिक और अल्पसंख्यक, दोनों रूपों में अधिकार रखता है, किंतु एक हिंदू केवल नागरिक के रूप में। बतौर हिंदू वह अदालत से कुछ नहीं मांग सकता, क्योंकि संविधान में हिंदू या बहुसंख्यक जैसी कोई मान्यता ही नहीं है। निःसंदेह, हमारे संविधान निर्माताओं का यह आशय नहीं था, किंतु कुछ बिंदुओं पर ऐसी रिक्तता और अंतर्विरोध के कारण आज यह दुष्परिणाम देखना पड़ रहा है। जैसे, संविधान की धारा 29 अल्पसंख्यक के संदर्भ में धर्म, नस्ल, जाति और भाषा, यह चार आधार देती है। जबकि धारा 30 में केवल धर्म और भाषा का उल्लेख है। तब अल्पसंख्यक की पहचान किन आधारों पर हो? यह अनुत्तरित है। अतः जब तक इसे स्पष्ट न किया जाए, तब तक 'अल्पसंख्यक' नाम पर होने वाले सारे कृत्य अनुचित हैं। यह न केवल सामान्य बुद्धि, विवेक एवं न्यायिक दृष्टिकोण, बल्कि संवैधानिक भावना से भी अनुचित हैं।

आज अल्पसंख्यकों के नाम पर जारी मनमानियां संविधान निर्माताओं के लिए अकल्पनीय थीं। वे सभी के लिए समान अधिकारों के हिमायती थे। चूंकि संविधान में अल्पसंख्यकों की परिभाषा अधूरी रह गई जिसका दुरुपयोग कर नेताओं ने अपने हित साधने शुरू कर दिए। यह अन्याय मूलतः सत्ता की ताकत और लोगों की अज्ञानता के कारण होता रहा। ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि एक मूल प्रश्न पूरी तरह और आरंभ से ही उपेक्षित है कि बहुसंख्यक कौन है? ऐसे में अल्पसंख्यक की धारणा ही असंभव हो जाती है, क्योंकि 'अल्प' और 'बहु' तुलनात्मक अवधारणाएं हैं। एक के बिना दूसरा नहीं हो सकता।

इसका सबसे सरल और निर्विवाद समाधान यह है कि संसद में एक विधेयक पारित कर वैधानिक अस्पष्टता दूर कर दी जाए। यह घोषित किया जाए कि संविधान की धारा 25 से 30 में वर्णित अधिकार सभी समुदायों के लिए समान रूप से सुनिश्चित करने के लिए दिए गए थे। यही उनका आशय है। ऐसी कानूनी व्यवस्था से किसी अल्पसंख्यक का कुछ नहीं छिनेगा, बल्कि दूसरों को उनका वह हक मिल जाएगा जो उनसे सियासी छल करके छीन लिया गया। यदि हमारी संसद, सुप्रीम कोर्ट या केंद्रीय मंत्रिपरिषद इसे समाप्त कर दें तो तमाम सामुदायिक भेद-भाव, सांप्रदायिकता और देशघाती, वोट-बैंक राजनीति के खत्म होने का मार्ग खुल जाएगा।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक एवं स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

अनदेखी से उपजी त्रासदी

इस त्रासदी का वर्णन करने के लिए शब्द तलाशना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जहरीली शराब ने जैसा कहर बरपाया है उसने दिल दहलाने के साथ ही हमारे भीतर आक्रोश भी पैदा कर दिया है। आखिर यह कैसा समाज है, कैसी शासन व्यवस्था है जहां जीवन को हर क्षण जोखिम में डालने का धंधा खुलेआम चल रहा है। कल्पना कीजिए कि तीन जिलों में जहरीली शराब पीने से 100 से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा गए और तमाम अभी भी अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं तो वहां कैसा मंजर होगा! जिस परिवार के सभी वयस्कों की एक साथ मृत्यु हो जाए तो उसके शेष सदस्यों की दशा कैसी होगी! अगर किसी प्राकृतिक आपदा में लोग हताहत हों तो हमें मन मारकर अपनी विवशता स्वीकार करनी पड़ती है, क्योंकि उसमें हम कुछ नहीं कर नहीं सकते। किंतु यह तो आमंत्रित मौतें हैं। ऐसा भी नहीं है कि जहरीली शराब के कारण पहली बार मौत हुई हों। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं। किसी हादसे के बाद कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ अंतराल बाद ही कहीं न कहीं जहरीली शराब अपना कहर फिर बरपा देती है। प्रश्न है कि ऐसा क्यों होता है? हालिया एक हादसा तो सामाजिक कुरीति से जुड़ा है। उत्तराखंड में हरिद्वार के बालुपुर गांव में एक मृत्युभोज में शराब परोसी गई थी जो दुर्योग से जहरीली निकली। यह कैसी रीति है? आखिर मृत्युभोज में शराब परोसने का क्या औचित्य है? श्राद्धकर्म के पीछे मृतक की आत्मा की मुक्ति की भावना होती है। अगर शराब जहरीली नहीं होती तो वह इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी का कारण नहीं बनती। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में तो कोई मृत्युभोज नहीं था, उत्तराखंड के रुड़की में भी ऐसा कार्यक्रम नहीं था। अभी तक की सूचना के अनुसार दोनों राज्यों में हजारों लीटर अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में 300 मामले दर्ज किए गए हैं और 175 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी तरह उत्तराखंड में करीब 50 मामले दर्ज किए गए। पुलिस कप्तानों पर गाज गिरी है तो वहीं तमाम आबकारी अधिकारियों-कर्मचारियों का निलंबन हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार अवैध शराब भट्ठियों और दुकानों को बंद कराने तथा माफियाओं के जाल को ध्वस्त करने के लिए 15 दिनों का अभियान चला रही है। जांच के लिए एसआईटी गठित हो चुकी है।

आखिर सरकारें या हम नागरिक भी त्रासदियों के बाद ही क्यों जागते हैं? उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में ही हाल में जहरीली शराब पीने से 11 लोगों की मौत की खबर आई थी। वहां कार्रवाई भी हुई, किंतु सरकार और प्रशासन ने शायद यह मानकर राज्यव्यापी अभियान चलाने पर विचार नहीं किया कि अवैध शराब का कारोबार एक जिले तक ही सीमित है। वहां के पुलिस प्रशासन ने इसका ठीकरा बिहार पर फोड़ दिया। सीमावर्ती जिला होने के कारण यह कहना आसान है जबकि बिहार में शराबबंदी लागू है। वहां चोरी से शराब मिल सकती है, लेकिन भट्ठी लगाकर शराब बना पाना आसान नहीं है। अगर कुशीनगर की घटना के साथ ही सरकार और प्रशासन ने राज्यव्यापी अभियान चला दिया होता तो इतने लोगों की जिंदगी बच सकती थी।

हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने आबकारी अधिनियम, 1910 में संशोधन करके उसे कड़ा बनाया था। इसके बाद तत्कालीन आबकारी मंत्री ने कहा था कि पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी और अवैध शराब की वजह से प्रदेश के

अवधेश कुमार

कुशीनगर मामले के बाद ही अवैध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलता तो हालिया हादसे को रोका जा सकता था

आबकारी राजस्व में भारी गिरावट आई है। यह भी दलील दी गई कि ऐसी अवैध जहरीली शराब पीने से जनहानि की घटनाएं भी हुई हैं। वस्तुतः शराब से राजस्व पाने की भूख हर राज्य में शराबखोरी को प्रोत्साहित करती है। पूरे देश की यही दशा है। हालिया घटनाओं के बाद जो रिपोर्ट मिली हैं उनसे साफ है कि जगह-जगह वैध-अवैध भट्ठियां चल रहीं हैं। वहां बनने वाली शराब की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। कच्ची शराब बनाने के लिए पुराना गुड़ और शीरे के साथ महुआ आदि का प्रयोग तो आम बात है, लेकिन इन्हें इतना सड़ा दिया जाता है कि उनमें दुर्गंध आने लगती है और तब माना जाता है कि इससे ज्यादा नशीली शराब तैयार होगी। यह परंपरागत तरीका रहा है। वहीं हाल के वर्षों में यूरिया, आयोडेक्स, ऑक्सिटॉसिन से लेकर शराब को ज्यादा नशीला बनाने के लिए चूहे मारने वाली दवा और यहां तक कि सांप और छिपकली तक मिलाने के मामले भी पकड़ में आ चुके हैं। डीजल, मोबिल ऑयल, रंग रोगन के खाली बैरल और पुरानी हांडियों (बर्तन) के इस्तेमाल के साथ भैंस का दूध निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाले ऑक्सिटॉसिन इंजेक्शन को भी मिलाया जाता है। इन सबके मिश्रण से बनी शराब से यदि तत्काल मौत न भी हो तो लीवर, गुर्दे, फेफड़ों और आंत जैसे अंगों को क्षति पहुंचती है। गुड़ और शीरे में ऑक्सिटॉसिन मिलाने से मिथाइल एल्कोहल बन जाता है। ज्यादा मिथाइल एल्कोहल से शरीर के अनेक हिस्से काम करना बंद कर देते हैं। ब्रेन डेड तक हो जाता है।

भारत का ऐसा शायद ही कोई राज्य हो जहां से देसी शराब में ऐसी जहरीली सामग्रियों के मिश्रण के सबूत नहीं मिले हों। यदि ऐसा हो रहा है तो फिर इसके लिए किसे दोषी कहा जाएगा? बिना प्रशासन की मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर यह संभव ही नहीं। जिनको भट्ठी का लाइसेंस मिलता है वे भी किन सामग्रियों का उपयोग करते हैं इसका ध्यान रखना आबकारी विभाग का दायित्व है। आबकारी विभाग सख्त हो तो जहरीली सामग्री मिलाने का साहस कोई कर ही नहीं सकता। वहीं अवैध भट्ठियां कैसे चलतीं हैं यह बताने की आवश्यकता ही नहीं। अगर सरकारें सख्त और इसके प्रति सचेत रहें और प्रशासन को उसका दायित्व याद रहे तो ऐसी घटनाएं हो ही नहीं सकतीं। ऐसा लगता ही नहीं कि केंद्र या राज्य सरकारों की प्राथमिकता में देसी शराबों में जहरीली सामग्रियों के उपयोग तथा अवैध शराब को रोकना शामिल है। वहीं समाज भी ऐसे तत्वों के खिलाफ संगठित होकर आवाज क्यों नहीं उठाता? अनेक प्रदेशों में महिलाओं ने शराब के खिलाफ आंदोलन किया है, पर उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बन जाती है, क्योंकि पूरे समाज का साथ उन्हें नहीं मिलता। आज पूरे देश का ढांचा ऐसा हो गया है कि कोई एक राज्य नशे पर रोक लगाने का कदम उठाता है तो उसे कहीं से सहयोग नहीं मिलता और वह विफल हो जाता है। मुख्य खलनायक तो नशे के लिए कुछ सामग्रियों को कानूनी रूप से मान्य कर देना है। विरोध करने पर राजस्व का तर्क दिया जाता है। मगर नशे के कारण जो बीमारियां होतीं हैं, अपराध होते हैं, सामाजिक अशांति बढ़ती है उन पर होने वाले खर्च की तुलना करने का साहस सरकारें करें तो राजस्व का सच सामने आ जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

अध्यात्म और विज्ञान

इस जगत में अज्ञात से सब ज्ञात हुआ है। युगों-युगों से मनुष्य इस पृथ्वी पर जीवन यापन करता चला आ रहा है। पहले वह धरा पर सादगी धारण कर शांतिपूर्वक तरीके से अपनी जीवन रूपी नौका को चलाता रहता था। कम आकांक्षाएं, सरल जीवन उसके मन, मस्तिष्क को बाह्य जगत के थपेड़ों से बचाए रखती थीं। उसकी ज्यादातर चेष्टाएं आंतरिक होती थीं। आंतरिक विचारों के साथ संयुक्त होकर अपने जीवन को बाह्य जगत के साथ यथायोग्य सामंजस्य बिठाकर वह आगे बढ़ता रहता था। इसमें वह सच्चे अर्थ में धर्म एवं अध्यात्म की आडंबर रहित परिपाटी की बागडोर थामकर उच्च विचारों के साथ संयुक्त रहता था। अब वर्तमान परिवेश पर दृष्टिपात करें तो ज्ञात होता है कि विज्ञान की खोज के माध्यम से भौतिक जगत में शरीर के उपयोग के लिए सभी कुछ उपलब्ध हो गया है। इस भौतिक जगत की उन्नति एवं प्रगति को देखकर मानव मोहित हो रहा है। वह पूर्ण सत्य को पीछे करके इसका सारा श्रेय विज्ञान को प्रदान कर देता है।

यह सच है कि विज्ञान की खोज के परिणामस्वरूप बहुत सी ऐसी चीजें प्राप्त हुई हैं जिनसे मानव जीवन को काफी सहायता मिलती है, वे जीवन में उपयोगी होने के साथ-साथ जीवन में सुगमता भी पैदा करती हैं, लेकिन अब उसे यहां अहंकार की बीमारी लग गई है। वह यह करने लग गया है कि जो विज्ञान की कसौटी पर परिणाम देने वाला नहीं होगा, वह सब असत्य है। उसका यह भी कहना है कि अब वैज्ञानिक सोच विकसित हो गई है। इसलिए दुनिया विज्ञान की सोच से ही चलेगी। विज्ञान की भौतिक उपलब्धि की चकाचौंध में वह परमेश्वर द्वारा रचित इस संसार में उसकी कृति की उपेक्षा करने लगा है।

विज्ञान की आंख से देखने वालों को यह समझना आवश्यक है कि विज्ञान की आयु चार-पांच सौ वर्ष से अधिक नहीं है। इस छोटी आयु में विज्ञान के माध्यम से जो उपलब्धि हुई है वह मूल रूप में पहले से ही विद्यमान थी। इस संसार में मनुष्य जितना जान पाया है उससे कहीं ज्यादा छिपा हुआ है, अदृश्य है। अतः यह समझकर चलना चाहिए कि अखिल ब्रह्मांड के स्वामी पूर्ण परमेश्वर हैं। इसलिए आज की भौतिक प्रगति को देखकर शांत भाव धारण करते हुए अपनी आत्मिक उन्नति का प्रयास भी करना चाहिए।

अशोक वाजपेयी

सकारात्मक सोच से मिलती है खुशी

डॉ. कुमारेंद्र सिंह सेंगर

यदि नकारात्मकता दूर करने से खुशी का जन्म होता है तो फिर ध्यान रखें कि सकारात्मकता समाप्त होने से ही दुख का उदय हुआ है

खुशी शब्द देखने में जितना छोटा है, उसकी उतनी ही व्यापकता है। सभी के लिए खुशी के अलग-अलग मायने हैं, अलग-अलग संदर्भ हैं। किसी के लिए बहुत ही छोटी समझी जाने वाली स्थिति से बहुत बड़ी सी खुशी उत्पन्न हो सकती है तो किसी के लिए बड़ी से बड़ी स्थिति भी खुशी पैदा नहीं कर पाती है। खुशी एक स्थिति कही जा सकती है जो व्यक्ति को खुश रहने का अवसर उपलब्ध करवाती है। इस अवसर का स्वरूप कुछ भी हो सकता है, कैसा भी हो सकता है।

कई बार लगता है कि मानव स्वभाव इस तरह का है ही कि वह खुशी को बहुत लंबे समय तक अपने साथ रख नहीं पाता है। उसके ऊपर किसी न किसी दुख को, कष्ट को, नाखुशी को बैठा देता है। उसके सामने एक पल में एक साथ आने वाली खुशी और गम में वह उस गम को जिंदगी भर ढोता रहता है, जबकि उसी समय साथ आई खुशी को तत्काल भुला बैठता है। यदि नकारात्मकता दूर करने के परिणामस्वरूप खुशी का जन्म होता है तो फिर ध्यान रखना होगा कि सकारात्मकता समाप्त होने से ही दुख का उदय हुआ है। ऐसे में उसी सकारात्मकता को पुनः क्यों नहीं प्राप्त किया जाता है? क्यों नहीं दुख के मूल में छिपे नकारात्मक भाव को दूर करके खुशी को गले लगाया जाता है? भारतीय समाज में बहुधा देखने में आता है कि एक दुख के साये में व्यक्ति पूरी जिंदगी बिता देता है। उसका रहन-सहन, उसकी जीवन-शैली, उसकी कार्यशैली, उसकी दिनचर्या आदि सबकुछ उसी एक दुख के द्वारा संचालित होने लगती हैं। ऐसे में उसी नकारात्मकता को दूर करने की आवश्यकता है जिसके दूर होने से खुशी मिली थी। उसी सकारात्मकता को बनाए रखने की जरूरत है जिसके न होने से दुख दिखाई देने लगा है।

खुशी या दुख पूरी तरह से व्यक्ति की अपनी मानसिक अवस्था है। ऐसे में उसे अपने वर्तमान के साथ जीवन जीने की कला सीखने की आवश्यकता है। जो व्यक्ति अपने वर्तमान में अतीत की परेशानियों को खींच ले आते हैं और उसी वर्तमान को बोझ बनाकर भविष्य तक ले जाना चाहते हैं वे खुशी का आनंद नहीं ले पाते हैं। खुशी को दीर्घजीवी भी बनाया जा सकता है बशर्ते उसका स्वरूप स्वतंत्र छोड़ना होगा। उसे किसी भी तरह के दुख के साये में पलने को नहीं छोड़ना होगा। हमें हमारी खुशी हमारी भावनाओं में खोजनी होगी। हमें हमारी खुशी के लिए अपने जीवन की कठिनता को छोड़ना होगा।

खुशियों को लंबे समय तक साथ बनाए रखने के लिए व्यक्ति को दिखावे की संस्कृति से दूर होना पड़ेगा। व्यक्ति को उन्हीं कामों की तरफ खुद को एकाग्र करने की आवश्यकता है जो उसके दिल-दिमाग को पसंद आते हों। आवश्यक नहीं कि सिर्फ धनोपार्जन के लिए ही काम किया जाए। ऐसे काम करने के साथ-साथ अपनी खुशी को लंबा बनाने के लिए वे काम भी करने चाहिए जिन्हें शौक कहा जा सकता है, पसंद कहा जा सकता है, पैशन कहा जा सकता है। इस तरह के क्रियाकलापों से, व्यवहार से, प्रक्रिया से खुशी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी व्यक्ति को इसका आभास होना ही होना चाहिए कि खुशी उसके भीतर ही है, बस उसे देखने-समझने की आवश्यकता है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मेलबाक्स

लोककल्याण का पर्याय हो राजनीति

उदय प्रकाश अरोड़ा ने अपने आलेख 'स्वयं में सुधार से दूर भागते दल' के माध्यम से देश की राजनीति की चिंताजनक स्थिति को उजागर किया है। वास्तव में किसी देश के विकास की जिम्मेदारी उन राजनेताओं के हाथों में ही होती है, जिनका चुनाव जनता करती है। दरअसल जनता उस राजनीतिक पार्टी को ही चुनती है, जिस पर उसे विश्वास होता है कि वह उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकेगी। यदि वह पार्टी उनके उम्मीदों पर खरा उतरती है तो यह जनता और देश, दोनों की जीत होती है। देखा जाए तो आज हमारे देश की ज्यादातर आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। उसके पास आधुनिक संसाधनों का अभाव है। जब तक यह तबका संसाधनों से लैस नहीं होगा, विकास की सीढ़ियां नहीं चढ़ सकेगा। गौरतलब है कि देश के संपूर्ण विकास के लिए भारत के हर तबके के लोगों का विकास जरूरी है। एक सच्चे राजनीतिज्ञ के लिए उसका देश ही संपूर्ण कुटुंब सरीखे होता है, इसलिए उसका कर्तव्य होना चाहिए कि वह स्वयं के लाभ के लिए नहीं, अपितु देशवासियों के हित के लिए सोचे। देश के राजनेता जब ईमानदारी से काम करेंगे तो नागरिक भी स्वयं ईमानदार हो जाएंगे तथा इसका असर सकारात्मक होगा। इसलिए सत्तारूढ़ पार्टियों को जनता के विश्वास को जीतने के लिए सदैव देशहित और लोक कल्याण को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए।

सौरभ पाठक, ग्रेटर नोएडा

सोमनाथ और राम मंदिर निर्माण की स्थिति

अयोध्या पर अनुदार सोच का प्रदर्शन शीर्षक से बीते दिनों लिखे अपने आलेख में मनमोहन वैद्य ने राम मंदिर निर्माण को लेकर लगाई जाने वाली अटकलों को स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जोड़कर जो तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है, वह अपनी जगह सही है, क्योंकि पिछले 70 वर्षों से भारतीय आस्था के प्रतीक राम मंदिर के निर्माण में जो अड़चनें पैदा की जा रही हैं वह एक अनुदार मानसिकता का प्रतिफलन है। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि भारत के बहुसंख्यक हिंदू वर्ग की आस्था के संबंध में क्या इस तरह की अनुदार मानसिकता का प्रदर्शन उचित है? इस संदर्भ में यह कहना भी समीचीन होगा कि छह दिसंबर, 1992 की घटना राम मंदिर निर्माण के संबंध में प्रदर्शित की गई ऐसी ही अनुदार मानसिकता के प्रति सामूहिक आक्रोशजनित प्रतिकार था। भारत के सांस्कृतिक भाव-बोध से समन्वित आध्यात्मिक संचेतना इस देश की प्राण-वायु है। सरकारी सहयोग के बिना सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारतीय समाज की इसी आध्यात्मिक संचेतना का सुपरिणाम था। देश के तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की उदासीनता और अनुदार दृष्टिकोण के बावजूद भारतीय समाज के सहयोग से सोमनाथ मंदिर का कायाकल्प कर दिया था, लेकिन राम जन्म-भूमि विवाद को न्यायालय ले जाकर राम मंदिर निर्माण की स्थिति सोमनाथ मंदिर से भिन्न बना दी गई है। अब इस देश का बहुसंख्यक वर्ग चाहकर भी सोमनाथ मंदिर की तरह सामाजिक सहयोग से राम मंदिर का निर्माण नहीं कर सकता, क्योंकि वर्तमान में राम मंदिर निर्माण की परिस्थितियां विगत में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर से सर्वथा भिन्न हैं।

pandeyvp1960@gmail.com

लोग समझें नदी का महत्व

नदियों के मुक्त बहाव की महत्ता शीर्षक से लिखे अपने लेख में डॉ. भरत झुनझुनवाला ने गंगा को जल विद्युत परियोजना के लिए प्रयोग करना अनुचित बताया है। दरअसल गंगा पर बने लगभग 900 से अधिक बांध और बैराज इसके प्रवाह को बाधित कर रहे हैं, जो कि गंगा के लिए खतरा हैं। सरकार को गंगा की साफ-सफाई की तरफ गंभीरता नहीं दिखानी है तो न दिखाए, लेकिन कम से कम इसके मुक्त बहाव में रुकावट तो पैदा न करे। महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वे दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिस दिन देश का हरेक नागरिक यह समझ जाएगा कि उसका अस्तित्व नदियों की वजह से भी ही है, उस दिन से कोई भी नदियों में गंदगी नहीं डालेगा। और उसी दिन से नदियों की साफ-सफाई के सरकारी एवं गैरसरकारी प्रयास कामयाब होंगे। दुनिया के कई देशों में ऐसे उदाहरण मौजूद हैं।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।